महानगर नई दिल्ली रविवार 16 फरवरी, 2020, रु. 5.00 (22+4 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

# चीन से आए 17 यात्रियों में कोरोना के लक्षण मिले

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 फरवरी।

कोरोना वायरस पर चौकसी के तहत हवाई अड्डे पर संक्रमण की जांच शुरू होने से पहले जो यात्री चीन और इस वायरस से प्रभावित अन्य देशों से भारत आ चुके थे, उनमें से 17 यात्रियों में इस वायरस के लक्षण दिखाई पड़े हैं। मध्य जनवरी में दिल्ली आए 5700 लोगों की स्वास्थ्य विभाग ने स्क्रीनिंग की और उनमें से 17 लोगों में इसके संक्रमण से मिलते जुलते लक्षण पाए जाने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। अधिकारी के मुताबिक 817 यात्रियों का पता नहीं चल सका है जिनका पता लगाने की कोशिश की जा रही है।



*चीन या* अन्य देशों की यात्रा पर गए ये सभी लोग 15 जनवरी से पहले दिल्ली लौट आए थे। दिल्ली में गहन चौकसी 17 जनवरी के बाद से शुरू हुई थी।

दिल्ली में कोरोना वायरस को लेकर हवाई अड्डे पर चौकसी शुरू होने से पहले जो यात्री भारत आ चुके थे, उनका पता लगाने के लिए हवाई अड्डे के अधिकारियों ने उनकी जानकारी जुटाई। हवाई अड्डे से उन यात्रियों की सूची निकाली बाकी पेज 8 पर

## भारतीयों को जापानी जहाज से निकालने की तैयारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 फरवरी।

विदेश मंत्रालय ने जापान स्थित भारतीय दूतावास के हवाले से शनिवार को कहा कि वह जापानी क्रूज जहाज पर फंसे भारतीयों को निकालकर स्वदेश लाने की कवायद तेज कर दी गई है। इसके लिए जापानी अधिकारियों की हरी झंडी का इंतजार किया जा रहा है। जापान के बाकी पेज 8 पर

## आइटीबीपी केंद्र के लोगों की रिपोर्ट सोमवार को

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 फरवरी।

चीन में कोरोना वायरस प्रकोप के कारण वुहान से वापस लाए गए और आइटीबीपी के पृथक केंद्र में रखे गए कुल 406 लोगों को जल्द छुट्टी दे दी जाएगी, बशर्ते जांच के लिए भेजे गए अंतिम नमूनों के नतीजे निगेटिव आएं। आइटीबीपी के अधिकारियों ने बाकी पेज 8 पर

### रामलीला मैदान में होगा शपथ ग्रहण समारोह

# आज केजरीवाल की तीसरी कसम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 फरवरी।

दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ अन्य मंत्री भी पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। आप सरकार के कार्यकाल का यह तीसरा शपथग्रहण समारोह है, जो रामलीला मैदान में होने जा रहा है। शनिवार देर शाम तक दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी अंतिम तैयारियों में जुटे रहे। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक व मंत्री गोपाल राय ने भी रामलीला मैदान में तैयारियों का जायजा लिया।

*आप* सरकार के कार्यकाल का यह तीसरा शपथग्रहण समारोह है, जो रामलीला मैदान में होने जा रहा है।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मुख्यमंत्री समेत कैबिनेट के सदस्यों के नामों की अधिसूचना शुक्रवार देर रात जारी की थी। शपथ लेने वाले मंत्रियों में मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन व राजेंद्रपाल गौतम का नाम शामिल है। हालांकि कैबिनेट सदस्यों के कार्यभार को लेकर आम आदमी पार्टी ने बाकी पेज 8 पर

### 125 कैमरे से निगरानी

रामलीला मैदान में मुख्य मंच को तीन हिस्सों में बांटा गया है। मैदान में पहली पंक्ति में दिल्ली के विधायकों को बैठाया जाएगा। दूसरे हिस्से में 50 विशेष आमंत्रित लोग शामिल रहेंगे। 45 हजार कुर्सियां लगाई गई हैं। मैदान को नौ हिस्सों में बांटा गया है। चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के लिए 125 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं।

शपथ ग्रहण समारोह से संबंधित खबरें पेज 3 पर



रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी।

### बनेंगे मंत्री

- मनीष सिसोदिया
- सत्येंद्र जैन
- गोपाल राय
- कैलाश गहलोत
- इमरान हुसैन
- राजेंद्रपाल गौतम

# स्कूल वैन में आग, चार बच्चों की मौत

चंडीगढ़, 15 फरवरी (जनसत्ता)।

पंजाब के संगरूर में शनिवार की दोपहर एक स्कूल वैन में आग लगने से चार मासूम बच्चे जिंदा जल गए जबकि आठ बच्चे झुलस गए। झुलसे बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस आग में वैन चालक भी झुलस गया है। मरने वाले सभी बच्चे चार से पांच साल के आयु वर्ग के हैं। एसएसपी ने बताया कि स्कूल के मालिक व प्रिंसिपल लखविंदर सिंह व चालक दलबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। आठ बच्चों में से चार को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने घटना की जांच के आदेश बाकी पेज 8 पर



शनिवार को संगरूर में घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंचे पुलिसकर्मी।

## नियमों की धज्जियां उड़ा रही थी वैन

चंडीगढ़, 15 फरवरी (जनसत्ता)।

स्कूल वैन में लगी आग में चार बच्चों की मौत के बाद वैन चालक और स्कूल प्रबंधकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पंजाब के शिक्षा मंत्री विजय इंद्र सिंगला तथा सांसद भगवंत मान ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उधर एफएसएल ने भी हादसे का शिकार हुई वैन बाकी पेज 8 पर

## गिरिराज ने किया माल्यार्पण, विपक्ष ने किया शुद्धिकरण

बेगूसराय (बिहार), 15 फरवरी (भाषा)।

*बेगूसराय* के बलिया में स्थापित आंबेडकर प्रतिमा पर किया था माल्यार्पण

केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद गिरिराज सिंह द्वारा आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कार्यकर्ताओं ने शनिवार को गंगाजल से प्रतिमा का शुद्धिकरण किया। उन्होंने आरोप लगाया कि गिरिराज ने प्रतिमा को अशुद्ध बाकी पेज 8 पर

# शायर प्रतापगढ़ी को दस लाख के मुचलके का नोटिस

मुरादाबाद, 15 फरवरी (भाषा)।

कथित तौर पर निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर स्थानीय ईदगाह पर संशोधित नागरिकता कानून के विरोध में प्रदर्शन करने पर शायर व कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी से दस लाख रुपए का मुचलका भरने को कहा गया है।

अतिरिक्त सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार ने कहा कि प्रतापगढ़ी को प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ भाषण देने के लिए दस लाख रुपए का मुचलका भरने का नोटिस दिया गया है। मुरादाबाद के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रदर्शन स्थल पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती पर लगभग 13 लाख रुपए का खर्च आया था। सुरक्षाकर्मियों की अब तक की गई तैनाती पर लगभग एक करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं।



*सीएए* के खिलाफ प्रदर्शन में भड़काऊ भाषण देने का आरोप

# बहुलवाद को विचारों के दमन से बड़ा खतरा : न्यायमूर्ति चंद्रचूड़

अमदाबाद, 15 फरवरी (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने 'असहमति' को लोकतंत्र का 'सेफ्टी वॉल्व' करार देते हुए शनिवार को कहा कि असहमति को एक सिरे से राष्ट्र-विरोधी और लोकतंत्र-विरोधी बता देना संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण एवं विचार-विमर्श करने वाले लोकतंत्र को बढ़ावा देने के प्रति देश की प्रतिबद्धता के मूल विचार पर चोट करता है। उन्होंने कहा कि बहुलवाद को सबसे बड़ा खतरा विचारों को दबाने से और वैकल्पिक या विपरीत विचार देने वाले लोकप्रिय एवं अलोकप्रिय आवाजों को खामोश करने से है। उन्होंने कहा, 'विचारों को दबाना राष्ट्र की अंतरात्मा बाकी पेज 8 पर

*असहमति* पर प्रहार संवाद आधारित लोकतांत्रिक समाज के मूल विचार पर चोट करता है। इस मायने में असहमति लोकतंत्र का 'सेफ्टी वॉल्व' है।



# बैंक एकीकरण के मुद्दे से पीछे नहीं हटेगी सरकार : सीतारमण

नई दिल्ली, 15 फरवरी (भाषा)।

सरकारी बैंकों के एकीकरण के प्रस्ताव पर सरकार पीछे नहीं हटेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि इस बाबत अधसूचना में देरी की आशंका से भी इनकार किया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में शनिवार को इस विषय पर कोई चर्चा नहीं हुई है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर पीछे हटने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इससे पीछे हटने का कोई कारण है और न ही ऐसी कोई वजह है, जिसके कारण किसी अधिसूचना में कोई देर हो। सीतारमण यहां भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं।

*वित्त मंत्री* ने साफ किया कि रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में इस विषय पर कोई चर्चा नहीं हुई।

बैंकिंग व्यवस्था पर कोई मुद्दा उठा तो आंतरिक स्तर पर चर्चा : दास
खबर पेज 8 पर

पिछले साल अगस्त में सरकार ने 10 अलग-अलग सरकारी बैंकों का आपस में विलय करके चार बाकी पेज 8 पर



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास।

## महंगाई पर बजट का ज्यादा असर नहीं होगा : दास

नई दिल्ली, 15 फरवरी (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को कहा कि बजट प्रस्तावों का महंगाई पर बहुत अधिक असर नहीं होगा क्योंकि सरकार राजकोषीय घाटे को सीमित करने की एफआरबीएम कानून में तय राह पर कमोबेश बनी हुई है। इस महीने की शुरुआत में पेश आम बजट में राजस्व संग्रह में कमी के चलते बाकी पेज 8 पर

## जनसत्ता बारादरी

माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी का कहना है कि वामपंथी दल भारत में विपक्ष को संघर्ष की दिशा दे रहे हैं। अर्थव्यवस्था पर उन्होंने कहा कि पैसे वालों के लिए उपाय करने से हालात बेहतर नहीं होंगे, जिनके पास पैसा नहीं है वे खरीदना शुरू करेंगे तभी कुछ होगा। उनसे विस्तृत बातचीत पढ़ें - पेज 7 पर



### म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में उठा कश्मीर मुद्दा

# अमेरिकी सिनेटर को जयशंकर की खरी-खरी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 फरवरी।

जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में कश्मीर का मुद्दा उठाया गया, जहां विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपनी हाजिरजवाबी से सवाल पूछने वाले का मुंह बंद कर दिया।



दरअसल, चर्चा के दौरान कश्मीर मसले का उल्लेख करते हुए अमेरिकी सेनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा, 'लोकतंत्र को ठीक से चलाने का यह तरीका होगा कि कश्मीर बाकी पेज 8 पर

## तुर्की के राष्ट्रपति को चेतावनी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 फरवरी।

पाकिस्तान की संसद को संबोधित करने के दौरान कश्मीर मुद्दा उठाने को लेकर भारत ने शनिवार को तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगान को चेताया और उनसे भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने से दूर रहने को कहा।

विदेश मंत्रालय बाकी पेज 8 पर

## शाह फैसल पर पीएसए के तहत मामला दर्ज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 15 फरवरी।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने पूर्व आइएएस अधिकारी शाह फैसल के खिलाफ जन सुरक्षा कानून (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया है। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद से हिरासत में बंद फैसल के खिलाफ शुक्रवार रात को पीएसए के तहत मामला दर्ज किया बाकी पेज 8 पर

## दरअसल




मंदिर निर्माण का अहम पड़ाव पूरा | **आस्था** | आधुनिक उपकरणों से किया काम

# अबूधाबी के पहले मंदिर की भरी गई नींव

दुबई, 15 फरवरी (भाषा)।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबूधाबी के पहले हिंदू मंदिर के निर्माण में महत्त्वपूर्ण पड़ाव पूरा हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि यहां इसकी नींव को पहली बार कांक्रीट से भरने का कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में संयुक्त अरब अमीरात में दुबई के ओपेरा हाउस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर की आधारशिला रखी थी।

यूएई में भारत के राजदूत पवन कपूर और दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत विपुल, सामुदायिक विकास प्राधिकरण के सीईओ उमर अल मुथन्ना और शापूरजी पलोंजी के सीईओ मोहनदास सैनी की मौजूदगी में पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी और पूज्य अक्षयमुनिदास स्वामी ने परियोजना के लिए विशेष पूजा की।

समारोह के दौरान पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी ने कहा, 'आज हमने मंदिर की अनोखी नींव भरने का कार्य शुरू किया जिसका निर्माण प्राचीन प्रौद्योगिकी के साथ आधुनिक उपकरणों से किया गया है।' उन्होंने कहा, 'यह ईश्वर की कृपा, समुदाय के पूर्ण समर्थन और यहां मौजूद हर व्यक्ति के प्रेम के बिना संभव नहीं था।' राजदूत कपूर ने कहा, 'मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि मुझे इसका श्रेय मेरे पूर्ववर्ती को देना होगा जिन्होंने इस पहल का समर्थन किया और यूएई की सरकार को इस बड़े और उदार फैसले को लेने बाकी पेज 8 पर

*मंदिर* की नींव में एक ही बार में 3,000 घन मीटर कंकरीट का मिश्रण भरा गया जो 55 फीसद राख से बना हुआ था। इससे मंदिर की नींव को दुनिया भर में प्रयोग होने वाले कंकरीट मिश्रणों की तुलना में अधिक पर्यावरण हितैषी तरीके से भरा गया।



*यूएई* में भारत के राजदूत पवन कपूर और दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत विपुल, सामुदायिक विकास प्राधिकरण के सीईओ उमर अल मुथन्ना और शापूरजी पलोंजी के सीईओ मोहनदास सैनी की मौजूदगी में परियोजना के लिए विशेष पूजा की गई।

## जनसत्ता रविवारी

16 फरवरी, 2020



**कोख, किराया और कानून**

किराए की कोख (सरोगेसी) को लेकर संसद में समय-समय पर बहस और चर्चाएं होती रही हैं। इसके लिए बने कानूनों में संशोधन भी हुए, लेकिन अभी भी देश में सरोगेसी का दुरुपयोग रुका नहीं है। बता रही हैं सुजाता माथुर।

- कहानी/ राजेंद्र जोशी • भाषा/ आलोक कुमार सिंह
- योग दर्शन/ डॉ. वरुण वीर • शख्सियत/ रुक्मिणी देवी अरुंडेल
- दाना-पानी/ मानस मनोहर • सेहत/ रविवारी डेस्क

परीक्षा में सफलता के लिए नींद जरूरी • दीप्ति अंगरीश



- कविता/ गौरव वाजपेयी 'स्वप्निल'
- कहानी/ दिनेश चमोला 'शैलेश'

www.readwhere.com

# शपथ ग्रहण समारोह में शिक्षकों की हाजिरी पर भिड़े भाजपा–'आप'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 फरवरी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व आम आदमी पार्टी (आप) भिड़ गए हैं। शिक्षकों की उपस्थिति को जहां एक तरफ 'आप' के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने शिक्षकों के लिए गर्व व सम्मान की बात कहा है। वहीं,

*विरोध* के बाद दिल्ली सरकार ने बदला आदेश, शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य नहीं

भाजपा के नेता इसे भीड़ बढ़ाने का तंत्र बता रहे हैं। इस बार शपथ ग्रहण समारोह में 'आप' ने बड़े–बड़े बैनर, पोस्टर के माध्यम से अपने शिक्षा मॉडल को बताने की कोशिश की है। उधर, देर शाम शिक्षा विभाग में ओएसडी रविंद्र कुमार ने खंडन जारी कर बताया है कि मैदान पर आने वाले शिक्षकों व प्रधानाचार्यों के लिए उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य नहीं है।

प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि इस समारोह में शामिल होना दिल्ली के शिक्षकों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि तैयारियां आखिरी चरण में चल रही हैं। सभी विभाग के अधिकारी लगे हैं। दिल्ली की जनता के साथ अरविंद केजरीवाल शपथ लेने जा रहे हैं। मंच पर हर क्षेत्र के प्रतिनिधियों को बैठाया जाएगा। 4,5,6,7,8 व 9 नंबर गेट से आने का मौका मिलेगा। मौसम में बदलाव हुआ है, इसके लिए जल बोर्ड को पर्याप्त बंदोबस्त करने के लिए कहा गया है। दिल्ली के लोगों ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। शपथ ग्रहण को भी हमें ऐतिहासिक बनाना है।

नवनिर्वाचित विधायक विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को 'आप' के नेता अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उनसे उस आदेश को वापस लेने का अनुरोध किया, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में उनके शपथ ग्रहण समारोह में सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के लिए उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने इस आदेश को 'तानाशाही' करार दिया है और कहा कि इससे उनका यह विश्वास 'चकनाचूर' हो गया है कि सत्ता में आने के बाद केजरीवाल का जोर शासन और लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत बनाने पर होगा।

## पुलिस ने किए विशेष बंदोबस्त

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 15 फरवरी।

रामलीला मैदान की ओर किसी भी तरह के व्यावसायिक वाहन नहीं जाएंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शपथ ग्रहण समारोह में भीड़ को देखते हुए दिल्ली यातायात पुलिस ने यहां आने वालों के लिए कार पार्किंग के लिए भी विशेष इंतजाम किए हैं। शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बदली रहेगी। दिल्ली यातायात पुलिस के उपायुक्त के मुताबिक, शपथ ग्रहण में आने वाली भीड़ को देखते हुए व्यावसायिक वाहनों के इस ओर आने की मनाही है।

एम एस टी सी लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
MSTC LIMITED (A GOVT OF INDIA ENTERPRISE)
जीवन विकास भवन, 30/31A, आसफ अली रोड, नई दिल्ली–110002
दूरभाष : 23214201, 23213945, फैक्स : 23216713
ई–नीलामी कार्यक्रम
एमएसटीसी द्वारा इंडस टावर्स की ओर से ई–नीलामी संख्या– निम्न स्थान के लिए दिल्ली – 37530, हापुड़–37526, लखनऊ–37527 के माध्यम से एसी, एसी एनर्जी मीटर, टीएक्स रैक, एसएमपीएस, एमएस स्क्रैप, एलसीयू, कॉपर स्ट्रिप, डीजीकेंट एबी एवं सी–15 केवीए, 25 केवीए स्टेबलाइजर (सर्वो), डीजी बैटरी, डीवीडी प्लेयर, एम्पलीफायर, प्रोजेक्टर, लेनोवो मॉनिटर, टीवी, एलसीडी, एलसीयू (एएल), थर्मल कोटिंग, फायर एक्सटिंग्विशर, एफसीयू 2000 सीएफएम, एसएमएफ पैनल, पीआईयू, कैबिनेट, बैटरी कैबिनेट, टीएक्स रैक इंडोर, कोणीय– ट्यूबलर टॉवर, शेल्टर पैनल, कॉपर केबल, आर्मर्ड केबल एल्युमीनियम, डीसी डीसी कन्वर्टर, डीसी डीसी मॉड्यूल, टॉवर सामग्री, बैटरी सेल, आईआईपीएम, इत्यादि के निपटान के लिए 18.02.2020 को ई–नीलामी का आयोजन करेगा। अधिक जानकारी के लिए www.mstcecommerce.com/www.mstcindia.co.in पर जाएं।

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या–1, नॉलेज पार्क–04, ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतम बुद्ध नगर
सार्वजनिक सूचना
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अर्न्तगत M/s New Way Homes Pvt. Ltd. के भूखण्ड संख्या–GH-10A सेक्टर–टेकज़ोन–IV ग्रेटर नौएडा (West) पर दिनांक 22.05.2015 को मानचित्र स्वीकृती प्रदान की गई थी। तदोपरान्त बिल्डर द्वारा अध्यासन प्रमाण पत्र (Occupancy Certificate) हेतु दिनांक 15.01.2020 को आवेदन किया गया है। जिसमें पूर्व स्वीकृत फ्लैटों के डिजाइन व अन्य कतिपय संशोधन किया जा रहा है, अतः प्रत्येक आवंटियों द्वारा अपनी Consent दी गई है या नही के सम्बन्ध में अपार्टमेन्ट ओनर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते है इस सम्बन्ध मे बिल्डर द्वारा प्रस्तुत संशोधित Declarations एवं संशोधित मानचित्र एवं परीक्षण किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9:30 से सांय 6:00 बजे के मध्य नियोजन विभाग के Displayed में नक्शे में किया जा सकता है। मानचित्रों में उ0प्र0 अपार्टमेन्ट एक्ट–2010 के प्राविधानों के अर्न्तगत उक्त प्रस्तावित संशोधन के सम्बंध में अपार्टमेन्ट स्वामियों/संघ को नोटिस जारी करने के साथ 30 दिन के अन्दर आपत्तियॉ आमन्त्रित की जाती है।
अतः उपरोक्त के निहतार्थ अपनी आपत्तियां लिखित रूप से अपने आवंटन पत्र, नाम पता एवं दूरभाष नंबर के साथ कार्यालय समय व कार्यदिवस में ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, भूखण्ड संख्या–1, नॉलेज पार्क–04, ग्रेटर नौएडा में स्थित महाप्रबंधक वरिष्ठ प्रबन्धक (वास्तु) विभाग में निर्धारित अवधि अर्थात सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवसों में प्राप्त कराई जा सकती है।
नगर नियोजक
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण










www.readwhere.com



## दूसरी नज़र

■ पी चिदंबरम

# टुकड़े-टुकड़े गिरोह जीते

गयारह फरवरी 2020 को लोकसभा की कार्यवाही के रिकार्ड से लिए गए निम्नलिखित सवाल और जवाब अगर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और अन्य मंत्रियों सहित भाजपा नेताओं के बोल पर दुखद टिप्पणी नहीं थे, तो ये मनोरंजन के स्रोत होंगे -

**सवाल -**

(ए) क्या 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' नाम से पुकारे जाने वाले संगठन की गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) या किसी केंद्रीय / राज्य कानून प्रवर्तन एजंसी / पुलिस बल या किसी केंद्रीय या राज्य खुफिया एजंसी ने पहचान की है और उसे कहीं दर्ज किया है,

(बी) क्या 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' पारिभाषिक शब्द किसी ऐसी विशिष्ट सूचनाओं पर आधारित है जो गृह मंत्रालय या अन्य कानून प्रवर्तन या खुफिया एजंसियों ने दी हों,

(सी) क्या गृह मंत्रालय / एनसीआरबी या किसी भी कानून प्रवर्तन एजंसी या खुफिया संगठन ने 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के आरोपी नेताओं और सदस्यों की सूची तैयार की है,

(डी) क्या गृह मंत्रालय या अन्य कानून प्रवर्तन एजंसी / खुफिया संगठन ने 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के सदस्यों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई / सजा (और विशिष्ट रूप से भारतीय दंड विधान की किन धाराओं और / या कानूनों के तहत) करने के बारे में विचार किया है, और

(ई) यदि ऐसा है, तो उसका ब्योरा क्या है?

**जवाब -**

(ए) से (डी) तक- किसी भी कानून प्रवर्तन एजंसी द्वारा ऐसी कोई सूचना सरकार के संज्ञान में नहीं लाई गई है।

### देश तोड़ना?

मई 2019 में भाजपा को सत्ता में लौटने के जनादेश के बाद कई भारतीयों को यह भरोसा करने के लिए समझाया गया कि भारत की एकता खतरे में है और कई ऐसे समूह और गिरोह हैं जो देश को तोड़ने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। अलग-अलग वक्त में इन समूहों को अलग-अलग नाम दिए गए, जैसे- नक्सली, माओवादी, इस्लामी आतंकवादी, शहरी नक्सली आदि। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्रों द्वारा आयोजित प्रदर्शन (जिसकी वजह से कन्हैया कुमार और तीन अन्य छात्र नेताओं पर देशद्रोह के झूठे आरोप लगाए गए थे) के बाद प्रदर्शनकारी छात्रों को टुकड़े-टुकड़े गिरोह करार दे दिया गया था। भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और कदमों के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले हर समूह को अब टुकड़े-टुकड़े गिरोह नाम दे दिया गया है। यही नाम अब राजनीतिक चर्चा तक में इस्तेमाल किया जा रहा है, यहां तक कि हमारे शालीन विदेश मंत्री एस जयशंकर तक ने इस नाम का इस्तेमाल किया, जो दुखद है।

विभिन्न समूहों को टुकड़े-टुकड़े गिरोह नाम देने का सिलसिला जिस तेजी से चल निकला, तो इससे लोग यह मान बैठे कि वाकई कोई टुकड़े-टुकड़े गिरोह है और यह देश के लिए गंभीर चुनौती बन गया है। शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, लेखक, कलाकार, छात्र, ट्रेड यूनियन नेता, किसान, बेरोजगार नौजवान, महिलाएं और बच्चे और विपक्षी राजनीतिक दलों के नेता- सभी को इस टुकड़े-टुकड़े गिरोह का सदस्य होने का तमगा दे दिया गया। हाल में नागरिकता संशोधन कानून और प्रस्तावित राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के विरोध में शाहीन बाग में धरना दे रही महिलाएं और बच्चे इस टुकड़े-टुकड़े गिरोह के सबसे नए सदस्य हैं। रोजाना यह सूची बढ़ती जाती है।

### योजना में अड़चन

हाल में संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा के चुनाव में प्रधानमंत्री ने दो रैलियों को संबोधित किया था और टुकड़े-टुकड़े गिरोहों की जमकर निंदा की थी। अखबारों, टेलीविजन चैनलों और सोशल मीडिया ने इन 'गिरोहों' की तस्वीरें दिखाईं। हालांकि इसमें एक अड़चन थी। टुकड़े-टुकड़े गिरोह के सदस्य एक हाथ में राष्ट्रीय ध्वज और दूसरे में भारत के संविधान की प्रति लेकर चल रहे थे! इसके अलावा, वे बीच-बीच में पूरे जोश और उत्साह के साथ राष्ट्रगान भी गा रहे थे! लोगों के समक्ष जो कहा गया और लोगों ने मीडिया में जो तस्वीरें देखीं, वे विरोधाभासी थे। लोगों का हर वर्ग वही विश्वास करता नजर आ रहा था, जो वह मानना चाहता था।

अब, मंत्री का चौंकाने वाला एक बयान है। पिछले कुछ महीनों में लगाए गए आरोपों और पिछले हफ्ते संसद में दिए गए मंत्री के बयान के बीच भारी विरोधाभास पर सफाई देने भाजपा का कोई भी नेता सामने नहीं आया है।

दक्षिण-पंथी विचारधारा में असाधारण या गलत कुछ नहीं है। यह भी कोई असामान्य बात नहीं है कि दक्षिण-पंथी नेता निष्ठावान भक्त होते हैं। ऐसा सिर्फ तभी होता है जब दक्षिण-पंथी नेता अपने धर्म का राजनीतिकरण कर देते हैं और लोगों को धर्म के आधार ('मेरा धर्म बनाम तुम्हारा धर्म') पर बांटने की कोशिश करते हैं, जिससे कि संविधान का उल्लंघन होता है और सामाजिक सद्भाव बिगड़ता है। भाजपा ने सिर्फ यही किया है, और पिछले छह साल में सरकार में और दूसरे सरकारी संस्थानों में ऐसे ही लोगों को बैठा दिया है जो न सिर्फ धार्मिक हैं, बल्कि ऐसे भी हैं जो लोगों के बड़े तबके में खौफ और अनिश्चितता का माहौल पैदा करने के धार्मिक मान्यताओं और विचारों को हथियार के रूप में इस्तेमाल करेंगे।

जैसा कि दिल्ली विश्वविद्यालय की राजनीति शास्त्र की पूर्व प्रोफेसर नीरा चंढोक ने लिखा है- 'धर्मनिरपेक्षता राजनीतिकृत शक्ति, धर्मगुरुओं को मिली शक्ति, शक्ति के रूप में धार्मिक पहचान का मुकाबला करती है..... धर्मनिरपेक्षता राजनीतिकृत धर्म को राज्य पर कब्जा करने से रोकने की कोशिश है। यह नितांत रूप से जरूरी इसलिए है क्योंकि धर्म के आधार पर ही देश का बंटवारा हुआ था।'

अब लड़ाई धर्म के राजनीतिकरण और धर्मनिरपेक्ष संविधान को बनाए रखने की है। यह लड़ाई दिल्ली, लखनऊ, हैदराबाद, पुणे, कोच्चि और कई छोटे शहरों की सड़कों, विश्वविद्यालयों और अन्य जगहों पर जारी है। जो लोग इस लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं, वे राजनीतिक दलों से जुड़े सामान्य लोग नहीं हैं, वे महिलाएं और बच्चे हैं जो आमतौर पर घरों में रहते हैं, नौजवान हैं जिन्हें सरकारों ने निराश किया है और छात्र हैं जो राजनीति को बुरी नजर से देखने लगे हैं। उन्होंने कड़ाके की ठंड, पुलिस की लाठी, पानी की धार और यहां तक कि पुलिस की गोलियों तक का डट कर सामना किया है। अकेले उत्तर प्रदेश में पुलिस की गोलियों से तेईस लोग मारे जा चुके हैं।

दिल्ली के चुनावों ने भारत को वियतनाम जैसी जीत दिलाई है। दिल्ली के मतदाताओं ने भारी बहुमत देकर एक बड़ी जीत दिलाई है जो समानता और धर्मनिरपेक्षता का पुरजोर समर्थन है। 'टुकड़े-टुकड़े गिरोह' जीत गए! 'टुकड़े-टुकड़े गिरोह' तब तक मजबूत बनते रहें जब तक कि वे अपना संवैधानिक लक्ष्य हासिल नहीं कर लेते!

# कीड़े में तब्दील आदमी

'एक सुबह जब ग्रेगोर समसा अपने कष्टप्रद सपने से जागा तो उसने अपने को बिस्तर में एक घिनौने कीड़े के रूप में तब्दील पाया।' - विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार फ्रांज काफ्का के लघु उपन्यास 'मेटामॉरफोसिस' की कहानी इस पहली लाइन से शुरू होती है और फिर पाठक को एक जटिल यात्रा पर ले जाती है, जिसमे इंसान से कीड़ा बना जीव अपने अंदर की मानवता का सामंजस्य अपने कीड़ेपन से करने की कोशिश करता है। अंत में वह हार जाता है, क्योंकि उसके आसपास के लोग मानव होने के बावजूद भी कीड़े से बदतर थे।



## तीरंदाज

■ अश्विनी भटनागर

> काफ्का का कहना था कि किसी भी तरह की निगहबानी ठीक नहीं होती है, क्योंकि धीरे-धीरे वह बढ़ कर अपने चरम तक पहुंच जाती है। उस शीर्ष से फिर नागरिक 'कीड़े-मकोड़े' की तरह दिखने लगते हैं, जिनको समेटना सत्ता का एकमात्र काम रह जाता है। वह तरह-तरह के नए तरीके ईजाद करना शुरू कर देती है, जिससे इन 'कीड़ों' का सक्रमण सत्ता द्वारा खींचे गए दायरे में रहे और कदापि उन तक न पहुंचे। समेटने की प्रक्रिया क्रूरता को बढ़ावा देती है, क्योंकि नागरिक को कीड़े की श्रेणी में डालने के बाद मानवीय व्यवहार का औचित्य समाप्त हो जाता है।

काफ्का का यह लघु उपन्यास पिछले सौ सालों के साहित्य सृजन में सबसे उत्तम कृति मानी जाती है। एक भयावह तब्दीली से मुख्य पात्र का जूझना। पहले खुद स्वीकारना कि वह अब दो हाथ, दो पैर वाला सामान्य पुरुष नहीं रहा है, बल्कि कई पैर वाला वीभत्स-सा जंतु हो चुका है और अपने बदले हुए हालत को लेकर बेहद मजबूर है। फिर अपने परिवार और नजदीक वालों की प्रतिक्रिया से अपने को संभालना काफ्का की कृति की मुख्य विषय-वस्तु है।

अपने उपन्यास में काफ्का कहीं भी नहीं बताते है कि वह आदमी कीड़े में कैसे बदल गया था। बस, वह बदल गया- अचानक एक सुबह। इस तब्दीली को उन्होंने न समझा कर पाठक के सामने वह हकीकत पेश की है जो हमारे साथ कभी न कभी जरूर होती है। यानी कोई परिचित हमारे लिए कीड़े-सा हो जाता है। व्यक्ति ही नहीं- हम कभी-कभी बहुत सारे लोगों को भी कीड़े की श्रेणी में डाल देते हैं। न ही व्यक्ति और न ही कोई समुदाय इस अचानक एक सुबह कीड़े में तब्दील होने के बारे में कुछ कर सकता है। उसके लिए फैसला हो चुका है। किसी भी गुहार या तर्क का अब कोई फायदा नहीं होता है। वह कीड़े का जीवन बिताने के लिए एक तरह से श्रापित हो चुका है।

काफ्का की इस कृति के माध्यम से पाठक के लिए अधिनायकवाद, अलगाववाद, अस्तित्ववाद जैसी जटिल परिस्थितियों में मानवता के हनन की भयावह तासीर उभर कर सामने आती है। इस छोटे से उपन्यास में काफ्का ने बड़े हुनर से अचानक इंसान से कीड़े में तब्दील हुए व्यक्ति की व्यथा को चित्रित किया है। काफ्का की यह कथा वास्तव में उनके निजी जीवन और अनुभवों पर आधारित है। उनके पिता उनके लिए एक तानाशाह की तरह थे, जिनकी मर्जी से सारा परिवार चलता था। जब काफ्का बच्चे थे और बाद में भी, तो वे एक नाजुक किस्म के इंसान थे, जबकि उनके पिता शरीर और प्रवृत्ति, दोनों से दबंग थे। वे अपने बेटे को हेय दृष्टि से देखते थे और उन पर हमेशा हावी रहते थे। पिता का यह नकारात्मक प्रभाव उनकी रचनाओं में साफतौर पर दिखाई पड़ता है, जो कि वह बेलगाम सत्ता के लिए रूपक की तरह है।

नागरिक के जीवन में सरकारी तंत्र की भूमिका कितनी होनी चाहिए, अक्सर बहस का विषय होता है। काफ्का का कहना था कि किसी भी तरह की निगहबानी ठीक नहीं होती है, क्योंकि धीरे-धीरे वह बढ़ पर अपने चरम तक पहुंच जाती है। उस शीर्ष से फिर नागरिक 'कीड़े-मकोड़े' की तरह दिखने लगते हैं, जिनको समेटना सत्ता का एकमात्र काम रह जाता है। वह तरह-तरह के नए तरीके ईजाद करना शुरू कर देती है, जिससे इन 'कीड़ों' का सक्रमण सत्ता द्वारा खींचे गए दायरे में रहे और कदापि उन तक न पहुंचे। समेटने की प्रक्रिया क्रूरता को बढ़ावा देती है, क्योंकि नागरिक को कीड़े की श्रेणी में डालने के बाद मानवीय व्यवहार का औचित्य समाप्त हो जाता है।

वास्तव में शासक कीड़ों से अपना ध्यान हटाने के लिए नए-नए प्रयोजन रचने लगता है। काफ्का के उपन्यास में मुख्य पात्र (जो अब कीड़ा बन चुका है)के पिता अपने घर में घिनौने जीव से अपने को हटा कर नाश्ता करने में जुट जाते हैं या फिर उसकी बहन वायलिन बजाने लगती है, जब कुछ लोग घर पर आ जाते हैं। सब समस्या से रूबरू होने के बजाय चिड़चिड़ा कर देखने वालों के लिए कुछ और ही प्रस्तुति लेकर आ जाते हैं। दूसरे शब्दों में, वे मुद्दे से ध्यान भटकाने की पुरजोर कोशिश करते हैं। इस पर कोई विश्लेषण नहीं करता है कि एक आदमी कीड़ा कैसे बन गया था।

साथ ही कीड़े के अपने संघर्ष को भी काफ्का ने बड़ी खूबी से रेखांकित किया है। कीड़ा बनने के शुरुआती दौर में पात्र अपने को आदमी मानता है, पर दूसरों की प्रतिक्रिया देख कर वह अपने कीड़ेपन से अपने को समायोजित कर लेने की कोशिश करता है। अपनेपन से अलगाव तक की पूरी प्रक्रिया इस कहानी में मार्मिक तरीके से बयां की गई है।

एक व्यक्ति और उसके परिवार की कहानी होने के बावजूद काफ्का ने उसे उपदेशात्मक और सदा प्रासंगिक आयाम दिया है। आदमी से कीड़े में तब्दील होना अपने में एक राजनीतिक और सामाजिक रूपक या मेटाफर है। यह उसी पल में होता है, जिस पल में सौम्य शति, हठी और व्यसनी शति में परिवर्तित होती है। यह एक वास्तविक प्रक्रिया है, पर इस परिवर्तन का पता उस क्षण नहीं चलता है जब यह होता है। पर जब इसका एहसास होता है, तब बहुत देर हो चुकी होती है। क्रूरता शति में रच चुकी होती है। लोग कीड़े बन चुके होते है। हम अवाक् रह जाते हैं।

# किसका नुकसान होगा

दिल्ली की हवा में जो नफरत फैली है, भारतीय जनता पार्टी के चुनाव अभियान की वजह से उसको कम होने में समय लगेगा। लेकिन इतना हुआ है कम से कम पिछले हफ्ते कि अमित शाह ने स्वीकार कर लिया है कि 'गोली मारो' और 'भारत-पाकिस्तान मैच' जैसे बयानों ने भाजपा को नुकसान किया। इतना ज्यादा कि दिल्ली में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा है। काश कि गृह मंत्री थोड़ा-सा आगे बढ़ कर यह भी बता देते कि जब नफरत और जहर घोले जा रहे थे, तब उनकी पार्टी को क्या करना चाहिए था। हड़बड़ी में आकर एक प्रतीक नहीं बनाया गया होता 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का, तो शायद भारतीय जनता पार्टी के प्यादे इतना बेकाबू नहीं होते कि एक मंत्री ने 'गोली मारो' वाला नारा कहलवाया एक आम सभा में! फिर शायद शाहीन बाग के बारे में अजीब-अजीब इल्जाम नहीं लगाए जाते।



## वक़्त की नब्ज़

■ तवलीन सिंह

> शाहीन बाग से मोर्चा अगर हट भी गया तो देश के मुसलमानों के बीच उनकी नागरिकता छिन जाने का डर कम नहीं होगा। डर उनको सीएए यानी नागरिकता संशोधन कानून से नहीं है। डर उनको है एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर से।

अमित शाह के प्रशंसक भी मानते हैं कि उन्होंने चुनाव अभियान का रुख बदल कर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश पैदा किया था। सबने सुना जब गृह मंत्री ने कहा 'बटन इतनी जोर से दबाओ कि करंट शाहीन बाग में लगे।' दिल्ली की गंगा-जमनी तहजीब से वाकिफ होते वे तो बहुत पहले जान गए होते कि इस शहर में नफरत और जहर घोलने से नहीं जीते जाते हैं चुनाव।

लेकिन अब आसान नहीं होगा कड़वाहट कम करना। जबसे मोदी सरकार का दूसरा दौर शुरू हुआ है, अमित शाह बने रहे हैं सरकार का चेहरा। अपने हर भाषण में उन्होंने कमोबेश यही जाहिर किया है कि वे हिंदुत्ववादी हैं... इतने कि उनके लिए मुसलिम, इस्लाम, पाकिस्तान, बिरयानी जैसे शब्द अनजाने महसूस होने वाले संबोधन हैं। तो उनका संदेश कैसे नहीं पहुंचता भारत के आम मुसलमानों तक? इसलिए शाहीन बाग जैसे मोर्चे खड़े हो गए हैं दिल्ली के अलावा कई शहरों में।

शाहीन बाग से मोर्चा अगर हट भी गया तो देश के मुसलमानों के बीच उनकी नागरिकता छिन जाने का डर कम नहीं होगा। डर उनको सीएए यानी नागरिकता संशोधन कानून से नहीं है। डर उनको है एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर से। इसलिए कि वे समझ गए हैं अच्छी तरह कि जब भी यह लाया जाएगा, तो सबसे ज्यादा खतरा मुसलमानों को होगा। इसलिए कि किसी मामूली सरकारी अफसर के हाथों में होगा उनकी भारतीयता साबित करना। निराधार नहीं है उनका यह डर। भाजपा के सत्ता में आने के बाद से ही ऐसा माहौल बना है देश में जिसमें मुसलमानों को लगने लगा है कि वे दूसरे दर्जे के नागरिक बनाए जा रहे हैं। मोदी के पहले दौर में गौ-रक्षकों ने साबित करके दिखाया कि गौरक्षा के नाम पर वे मुसलमानों की हत्या भी कर सकते हैं और उनका कुछ खास नहीं बिगड़ेगा। मोहम्मद अखलाक और पहलू खान के हत्यारे आजाद घूम रहे हैं आज भी। न्याय होने की दूर तक संभावना नहीं दिख रही है।

मोदी के दूसरे दौर के शुरू होते ही तबरेज अंसारी को 'जय श्रीराम' कहलवा कर पीट-पीट कर जान से मारा गया। उसके हत्यारे भी जमानत पर छूट गए हैं। इसलिए कानून व्यवस्था में मुसलमानों का विश्वास कम होता गया है। इस विश्वास को दोबारा बहाल करना बहुत मुश्किल होगा, क्योंकि सबने सुने हैं ऐसे भाषण जो दिल्ली के चुनाव अभियान के शुरू होने से पहले भी कई नेताओं के द्वारा दिए गए हैं। ऐसे भाषण जिनमें कुछ बड़े नेताओं ने बार-बार स्पष्ट किया नाम लेकर कि हिंदू, सिख, बौध, जैन, पारसी और ईसाइयों को अपनी नागरिकता छीने जाने की कोई चिंता नहीं होनी चाहिए। संदेश कैसे नहीं पहुंचता मुसलमानों को? अब उसका खमियाजा पूरे देश को भुगतना पड़ेगा!

समस्या गंभीर है इसलिए कि गृह मंत्री का रुख देख कर मुसलमानों से नफरत करने वाली एक पूरी फौज खड़ी हो गई है जो रोज सोशल मीडिया पर इस्लाम, मुसलमान और पाकिस्तान के लिए नफरत प्रकट करती है। रोज याद दिलाते हैं भारतीय जनता पार्टी के ट्रोल कि 'नया भारत' बन चुका है जिस में हिंदुओं का बोलबाला रहेगा, किसी और का नहीं। मेरे पीछे पड़े रहते हैं ये ट्रोल, जब से मैंने नरेंद्र मोदी की कुछ नीतियों की आलोचना शुरू की है। इसलिए हर दूसरे दिन मुझे ये लोग पाकिस्तान जाने को कहते हैं। इनकी आवाज को समर्थन मिलता है कई टीवी पत्रकारों से जो बिलकुल इस ही तरह की बातें रोज शाम को करते सुनाई देते हैं टीवी की चर्चा में। इन चर्चा में मैं जब शामिल होती हूं तो हैरान रह जाती हूं इतनी नफरत देख कर। मुसलमानों के लिए इतनी नफरत मैंने उस वक्त भी नहीं देखी थी, जब लालकृष्ण आडवाणी अपने रथ पर सवार होकर अयोध्या के लिए निकले थे सोमनाथ से। जहां भी गई वह रथयात्रा, वहां दंगे हुए थे, जिनमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। मरने वालों की तादाद में मुसलमान ज्यादा थे, जैसा अक्सर होता आ है। इस रथयात्रा ने घाव जरूर खोले देश भर में, लेकिन इसके बाद भारतीय जनता पार्टी की सीटें लोकसभा में जो 1984 में सिर्फ दो थीं, पांच वर्षों में सौ तक पहुंच गई थी। साबित हो गया था कि नफरत की राजनीति भारतीय जनता पार्टी के लिए लाभदायक है। उस दौर के घाव भर गए थे बाबरी मस्जिद के गिरने के बाद।

अब आया है ऐसा दौर जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने साबित कर दिया है कि मुसलमानों के वोट के बिना लोकसभा में पूर्ण बहुमत मिल सकती है। समस्या सिर्फ यह है कि मुसलमानों की संख्या इतनी ज्यादा है अपने देश में कि उनको कहीं और भेजना मुश्किल नहीं, नामुमकिन है। इसलिए ऐसा लगने लगा है कि 'न्यू इंडिया' में प्रयास होगा उनको दूसरे दर्जे के नागरिक बनाने का। नुकसान होगा भारत की छवि को लेकिन क्या किया जाए?

# साधारण का आकर्षण

वोट के दिन बहुत-से चढ़े हुए चेहरे देर तक कैमरों से बाहर रहे। सिर्फ एक्जिट पोल वाले अपनी-अपनी दुकानें लगाए बैठे रहे। जितने चैनल, उतने एक्जिट पोल! सब दावा करते कि सिर्फ वे ही सही हो सकते हैं! दिल्ली की चंट-चतुर जनता ने सबको हिला दिया।

मतदान के बाद रिजल्ट के आने तक के दो दिन बड़े कष्टदायी रहे! अपने-अपने दर्शकों को पटाने के लिए एंकर अपने-अपने चैनलों में ग्यारह फरवरी के सुबह छह बजे से ही सज कर बैठ गए, जबकि उनके पास दो घंटे तक बताने को कुछ भी नया नहीं था।

चुनाव की शाम अचानक लगी वोटरों की लंबी लाइनों की खबरों ने सब एक्जिटियों को चित्त-सा कर दिया। कुछ विशेषज्ञ बगलें बजाने लगे कि आखिरी वक्त में वोटरों को 'मॉबिलाइज' करने का काम सिर्फ भाजपा ही कर सकती है, क्योंकि उसी के पास कार्यकर्ता है। आशय यह कि ये वोट भाजपा को गया है। सारे एक्जिट पोल गलत होंगे। भाजपा जीतेगी।

इस खबर से पूरे दो दिन तक एंकरों और चुनाव विशेषज्ञों के बीच सन्नाटा खिंचा रहा। तिस पर भाजपा के प्रवक्ताओं की निरे आत्मविश्वास से भरी टीपें कि हमारे एक्जिट पोल के हिसाब से हम अड़तालीस सीट लेकर सरकार बनाने जा रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ताओं के ऐसे आत्मविश्वास को देख कर कई 'एक्जिटिए' वक्त से पहले ही 'एक्जिट' कर गए! बढ़े मतदान के आंकड़े ने उनकी पोल खोल दी कि 'एक्जिटिए' तो सिर्फ दोपहर तीन बजे तक ही 'एक्जिट' निपटा देते हैं! चैनलों में यह सवाल लटका रहा- आखिर में पड़े वोट किसे मिले? तीन घंटे मे तीस प्रतिशत पड़े तो कैसे?

'आप' के प्रवक्ता आक्रामक मुद्रा में दिखे। वे पूछने लगे कि 'ये ईवीएम सड़क पर कैसे रखी हैं' और 'चुनाव आयोग कुल मतदान के प्रतिशत पर चुप क्यों हैं?' इसे देख कुछ भक्त एंकर 'ईवीएम का बहाना' बनाने के लिए 'आप' के नेताओं को उलाहना भी देने लगे!

चुनाव आयोग कुछ देर से बोला। इस वजह से आयोग कई चर्चाओं में कुटा, लेकिन जब उसने प्रतिशत दे दिया तो विवाद शांत हो गया। लेकिन वोटों की गिनती के दिन ज्यों-ज्यों परिणाम आते गए और 'आप' शुरू से बढ़ती दिखी, त्यों-त्यों तमाम एक्जिट पोल करने वाले अपनी-अपनी भविष्यवाणियों पर इठलाते दिखने लगे कि देखा, हम न कहते थे कि 'आप' ही बहुमत लाएगी! सत्ता विरोधी लहर नहीं है। हमारा 'एक्जिट' एकदम सही हैं! जिन एक्जिटियों ने भाजपा को बीसेक सीटें दी थीं, वे हकलाते दिखे और वे भी 'आप' की जीत के 'बल्ले-बल्ले' गाने लगे और कहने लगे कि भाजपा की 'ध्रुवीकरण' की और 'गोली मारो' की राजनीति हार के लिए जिम्मेदार है!



## बाखबर

■ सुधीश पचौरी

> 'आप' की इस जबर्दस्त जीत के दृश्य अपनी साधारणता में भी आकर्षक थे। जीत के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यालय में केजरी के अति संक्षिप्त संबोधन के दौरान वे और उनका परिवार एकदम साधारण परिधानों में ही दिखे, जिसे देख नलिनी सिंह ने एक चैनल पर कहा भी कि सबसे आकर्षक तत्त्व है 'आप' के नेताओं की 'साधारणता'!

जो एंकर 'शाहीन बाग' को इस चुनाव के लिए निर्णायक बताते आए थे, अचानक हकबकाने लगे और कहने लगे कि 'सीएए' और 'राष्ट्रवाद' की धारणा के मुकाबले 'आप' द्वारा दिल्ली की जनता को सीधे लाभ पहुंचाने की राजनीति जीती। यह चुनाव विचारधारात्मक लाइन पर होने की जगह 'आप' के अपनी किस्म के 'विकासवादी मॉडल' पर हुआ और उसे ही जनस्वीकृति मिली! देश में मोदी, दिल्ली में केजरी' वाले नारे पर दिल्ली की जनता ने मुहर लगाई!

'आप' की इस जबर्दस्त जीत के दृश्य अपनी साधारणता में भी आकर्षक थे। जीत के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यालय में केजरी के अति संक्षिप्त संबोधन के दौरान वे और उनका परिवार एकदम साधारण परिधानों में ही दिखे, जिसे देख नलिनी सिंह ने एक चैनल पर कहा भी कि सबसे आकर्षक तत्त्व है आप के नेताओं की 'साधारणता'!

केजरीवाल ने सारी जीत को चंद साधारण वाक्यों में निपटा दिया कि 'दिल्ली वालो आपने गजब ढा दिया' और 'आई लव यू' कह कर लोगों की ओर एक 'फ्लाइंग किस' फेंक दिया और फिर कहा कि ये काम की राजनीति की जीत है! बस!

इस चुनाव में केजरीवाल के हनुमान चालीसा का पाठ करने और हनुमान मंदिर जाने का विवाद भी उठा! एंकरों और 'चर्चकों' ने इसे केजरी का 'नरम हिंदुत्व' बताया। भाजपा की करारी हार के बीच भी एक भाजपा प्रवक्ता के लिए केजरी द्वारा 'हनुमान चालीसा' का पाठ करना भाजपा के 'विचार की जीत' रहा! हार में भी जीत देखने वाले ऐसे 'दिव्यचक्षुओं' को नमन!

'हनुमान चालीसा' के पाठ का प्रसंग इतना-सा रहा कि एक पत्रकार ने केजरीवाल से पूछा कि 'क्या वे हनुमान भक्त हैं!' इसके जबाव में केजरीवाल अपने कच्चे गले से चालीसा का शुरुआती दोहा सुना दिया और इस तरह चालीसा का सेकुलरीकरण कर दिया! फिर जीत के बाद अपने कार्यालय से निकल कर सीधे कनाट प्लेस के हनुमान मंदिर में जाकर और पूजा कर केजरीवाल के अपने हनुमान भक्त होने का सहजीकरण कर दिया!

मंदिर के अंदर 'जै श्रीराम' 'जै श्रीराम' के नारे सुनाई देना, फिर केजरीवाल मनीष सिसोदिया और केजरीवाल के परिवार को पुजारी का तिलकादि लगाना और पटका प्रसाद देना सहजता से गुजर गया, लेकिन भाजपा के एक प्रवक्ता ने मंदिर के अंदर लगे 'जै श्रीराम' के नारों में हिंदुत्व की 'जै जै' नजर आई!

लेकिन अपने चैनलों को 'आप' की यह जीत पची नहीं। अगले ही रोज कई नामी एंकर हमले करने में लग गए कि ये 'फ्री-बीज' की कब तक चलेंगी..! मार्च के महीने के बाद देखते हैं कि गरमी के दिनों में कितनों को मुफ्त बिजली मिलती है? कैसा अंधस्वार्थी जमाना है कि दस-दस बीस-बीस लाख रुपए महीने कमाने वाले ये महान एंकर, दस-बीस हजार महीने कमाने वाले दिल्ली वालों को सरकारी मदद से भी 'ईर्ष्यादग्ध' होने लगते हैं!

शायद ऐसों के लिए कहा गया है कि 'मेरा पेट हाउ, मैं न दैहों काउ!'

www.readwhere.com

# विपक्ष को संघर्ष की दिशा दे रहा है वाम

**मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी का कहना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा का असली मतलब नागरिकों की जिंदगी की भी सुरक्षा होती है। मुफ्त बिजली, पानी और स्कूल लोगों की जिंदगी से जुड़े हैं जिन्हें मुहैया कराना भी राष्ट्रीय सुरक्षा है। उनका कहना है कि वाम संगठन जनांदोलन खड़ा करने में कामयाब हैं और आज के माहौल में वे संघर्ष की दिशा भी दे रहे हैं। बातचीत कार्यक्रम का संचालन किया कार्यकारी संपादक मुकेश भारद्वाज ने।**



बारादरी की बैठक में सीताराम येचुरी

सभी फोटो : अरुण चोपड़ा

**अजय पांडेय : महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली के आए परिणामों का आप क्या संकेत मानते हैं?**

**सीताराम येचुरी :** देश में एक बात साफ तौर पर दिख रही है कि लोगों में स्थानीय सरकार और केंद्रीय सरकार को लेकर समझ बढ़ी है। जो हिंदुत्व राष्ट्रवाद का माहौल बन गया था उसे लोगों के रोजमर्रा के सवालों ने पीछे धकेल दिया। अब राज्य के चुनाव में रोजमर्रा की चीजों का महत्त्व और ज्यादा बढ़ जाता है। यह मुख्य कारण है जिसके कारण यह नतीजे आए। आंध्र, तेलंगाना और हरियाणा में जो चुनाव परिणाम आए वह इसके सबूत हैं। अर्थव्यवस्था की हालत सभी जानते हैं, मंदी आ चुकी है। बेरोजगारी बढ़ रही है, किसानों की आत्महत्या बढ़ रही है, कारखाने बंद हो रहे हैं, कंपनियों की बिक्री घट रही है। लोगों की खरीदने की क्षमता भारी तरीके से घटी है। जब तक सरकार खरीदने की क्षमता नहीं बढ़ाएगी तब तक अर्थव्यवस्था सुधरने वाली नहीं है। यह सब सुधार न करके सरकार इसका उल्टा कर रही है। वह अमीरों को छूट, कॉरपोरेट कंपनियों को टैक्स छूट दे रही है। इससे जिसके पास ज्यादा पैसा है उससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा अर्थव्यवस्था पर। जिसके पास पैसा नहीं है जब वह खरीदना शुरू करेगा तब कुछ होगा। और इन चुनाव परिणामों में यह सोच सामने आई है।

**पंकज रोहिला : राष्ट्रवाद को लेकर आज विपक्ष कठघरे में क्यों खड़ा है?**

● विपक्ष कठघरे में खड़ा नहीं है, लेकिन कोशिश की गई है। आज हमें इसमें ही फर्क करना है कि एक हिंदुत्व राष्ट्रवाद है और एक भारतीय राष्ट्रवाद है। इसलिए जब भारत माता की जय की बात आती है तो उसका कोई विरोध नहीं करता है। जब वे संसद में भारत माता की जय करते हैं



तो हम लोग भी हाथ उठाते हैं और जय हिंद कहते हैं। तो जय हिंद भारत का राष्ट्रवाद है। भारत माता की जय के साथ वे हिंदू राष्ट्रवाद जोड़ देते हैं, भले ही कोई विरोध न करे भारत माता की जय का, लेकिन जब ये इससे जुड़ जाता है तो लोगों में फूट डालकर लोगों के बीच नफरत, हिंसा शुरू होती है। आज जो वातावरण में राष्ट्रवाद का दुरुपयोग हुआ है उसका इतिहास भी गवाह है। हिटलर का अपना राष्ट्रवाद रहा, हिंदुत्व का अपना राष्ट्रवाद है, मुसोलिनी का अपना राष्ट्रवाद था। आज राष्ट्रवाद का असल मायने क्या है? वह केवल देश के प्रति न केवल एक कौम के प्रति और उस कौम को देश के साथ जोड़ देना। एक उदाहरण है कि उमर अब्दुला पर पीएसए लगा दिया है, चार्ज लगाया है कि वह आतंकवाद के चरम पर वोट बटोरने की ताकत रखते हैं, अब यह बताइए की जनतंत्र में अगर कोई वोट बटोर रहा है तो यह उसकी जनप्रियता है न, अपराध कैसे हुआ? और महबूबा मुफ्ती के लिए कहते हैं कि उनकी पार्टी का झंडा हरा है और हरा पाकिस्तान का झंडा है। अब कौन बताए कि तिरंगा भी एक तिहाई हरा है। तो यह देश विरोधी कैसे हो सकता है। यह बहाने करके फूट और नफरत का वातावरण बन रहा है और इससे राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश की जा रही है जो सबसे खतरनाक है।

**मुकेश भारद्वाज : आरोप लगाया जा रहा है कि दिल्ली की जीत मुफ्तखोरी की जीत है और इससे राष्ट्रवाद पीछे चला गया। इसे आप कैसे देखते हैं?**

● राष्ट्रवाद की बात आप राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ते हैं जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा का असली मतलब लोगों की जिंदगी की भी सुरक्षा हो। बिना लोगों की जिंदगी की सुरक्षा के क्या राष्ट्रीय सुरक्षा हो सकती है। राष्ट्रीय सुरक्षा का मतलब केवल इतना नहीं है कि सिर्फ देश की सरहद ही आप ठीक-ठाक रखें या आंतरिक सुरक्षा का मामला ठीक रखें। लेकिन आपको लोगों की जिंदगी को भी ठीक रखना है। मुफ्त बिजली, पानी और स्कूल लोगों की जिंदगी से जुड़े हैं और इसे आप कैसे राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ घेरेंगे। यह शब्दावली ही अपने आप में एक बड़ा अंतरविरोध है। अगर लोगों के जीवन की सुरक्षा नहीं होगी तो आप जितना चाहे राष्ट्रीय सुरक्षा की बात कर लें। अगर कोई लोगों की जीवन की सुरक्षा की बात करता हो तो वह लुभाने वाला हो गया और जो देश की सरहद की बात करे तो वह राष्ट्रवाद। यह बंटवारा जो कर रहे हैं वह गलत है। राष्ट्रीय सुरक्षा का मतलब ही नागरिकों के जीवन की सुरक्षा से जुड़ा है। आत्मसम्मान और स्वतंत्रता के साथ जीना सबका मौलिक अधिकार है और बिना उसके राष्ट्रीय सुरक्षा का क्या मतलब।

**दीपक रस्तोगी : वाम दलों को लोगों के आंदोलन से जुड़ी पार्टी माना जाता है, लेकिन जिस तरह से पिछले समय में जन आंदोलन से निकली पार्टियों को लोगों का समर्थन मिला उतना समर्थन जन आंदोलन की प्रमुख माने जाने वाली वाम पार्टियों को क्यों नहीं मिल रहा। उनका वोट फीसद क्यों घट रहा है?**

● बिल्कुल नहीं। यह अलग बात है कि जन आंदोलन का फायदा किसको मिल रहा है। जन आंदोलन हम करें और इसका फायदा चुनावी तौर पर कोई और ले जा रहा है इससे हम सहमत हैं। लेकिन जन आंदोलन की अहमियत तो है। 2019 से पहले मजदूर संगठन, किसानों की काफी बड़ी रैली हुई। बेरोजगारी और झारखंड के मामले में आंदोलन हुआ और इनके सवाल को कोई राजनीतिक पार्टी नहीं नकार पाई। वाम पार्टियों ने इसे एजंडे में लाने का काम किया लेकिन एजंडे में आने के बाद इसका फायदा किसको मिला। यह सवाल है। आज राजनीति का मतलब 'आया राम गया राम' हो गया है। जिसे सीबीआइ से बचना हो वो भाजपा में चला जाए उसका बचाव हो जाएगा। वाम पार्टियों के आंदोलनों का प्रभाव चुनावी प्रभाव में है। लेफ्ट को सिर्फ चुनावी आधार पर नहीं जज कर सकते आपको आंदोलन को भी शामिल करना पड़ेगा। आंदोलन के हिसाब से एजंडा तय करता है लेफ्ट, लेकिन चुनावी हिसाब से उसे फायदा नहीं हो रहा है।

**अजय पांडेय : आज जब विपक्ष बिखरा है तो वाम पार्टी बड़ी भूमिका क्यों नहीं निभा पा रहा है जबकि पहले ऐसा नहीं था?**

● निभा रही है। आज सुबह ही केजरीवाल जी ने ट्वीट करके हमारा नाम लिखा, जबकि राजनीतिक तौर पर लेफ्ट की दिल्ली में क्या ताकत है। हमारी जितनी भी क्षमता है वो हम कर रहे हैं लोग ये भी मानते हैं कि हम ऐसी फोर्स हैं जिनकी कोई भागीदारी नहीं है और बाकी पार्टियों की तरह हमारे पास कोई शॉपिंग लिस्ट नहीं है कि हम किसके साथ जा रहे हैं और हम कितने पद और कितने मंत्री चाहते हैं। हम उसूलों के आधार पर देश और जनता के हित के आधार पर साथ जाते हैं। पहले भी वाम पार्टी के सुरजीत सिंह विपक्ष के नेता के रूप में उभरे थे, लेकिन वो सूत्रधार थे सबको जोड़ने में। कई बार मजाक और गंभीरता में भी लोग आलोचना करते हैं कि काम आप जोड़ने के लिए करते हैं और पीछे भी हट जाते हैं। तो ये रोल तो रहेगा ही।

**मृणाल वल्लरी : ममता और वाम दोनों ही भाजपा के हार का जश्न मना रहे हैं। लेकिन जब आप बंगाल में मुकाबला करेंगे तो भाजपा और तृणमूल दोनों होंगे। क्या दोनों के खिलाफ लड़ने की साझा रणनीति रहेगी।**

● पहली बात तो ये है कि राजनीति कोई गणित नहीं है। राजनीति में दो और दो चार की जगह बाइस भी हो सकता है। राजनीति की आंतरिक विशेषताएं हैं। बंगाल में पिछले सात से आठ साल से सामाजिक स्तर पर जो आतंक फैला है उससे लोगों की जिंदगी बर्बाद हो चुकी है। उससे वो मुक्ति चाहते हैं। हमारे 40 हजार कामरेड अपने गांव और घर नहीं जा सकते हैं। दस हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं पर गैर जमानती वारंट है। 2078 लोग मारे जा चुके हैं। कहा गया कि लेफ्ट का वोट तृणमूल के खिलाफ भाजपा को गया, हमारे किसी कार्यकर्ता ने नहीं कहा लेकिन प्रभावित लोगों में यह बात हुई है। वो इससे मुक्ति चाहते हैं और देखेंगे कि कौन हरा सकता है। वहां ममता के खिलाफ एक राय बन चुकी है। कौन हरा सकता है। कौन मुकाबला कर सकता है। यह हुआ है पिछले चुनाव में। कांग्रेस और वामपंथियों के बीच एक विकल्प हैं। लेकिन उनके न आने से यह और बढ़ गया है। अगर गणित के रूप में भाजपा के बगैर सब एकजुट हो जाएं तो वर्तमान सत्ता के खिलाफ बनी राय का असर सब पर पड़ेगा और फायदा होगा जिनको आप हराना चाहते हैं। इस हालात में आज बंगाल की राजनीति है। इसे देखते हुए हमें आज भाजपा और ममता के खिलाफ जाना है और इसके लिए जो रणनीति बनानी है उसके प्रयास चल रहे हैं। अभी एक साल का समय है।

**पंकज रोहिला : नागरिकता कानून को लेकर देश भर में हो रहे हंगामे पर आप क्या सोचते हैं?**

● कहा जाता है कि यह कानून संसद में पास कर दिया तो उसका विरोध क्यों। संसद ने तो आपातकाल भी पास किया था जब हम लोग जेल गए थे। तो इसका मतलब यह नहीं है कि संसद ने पास कर दिया तो सही ही है। पहली बार हमारे देश में नागरिकता को धर्म के साथ जोड़ा जा रहा है। यह अभी तक नहीं हुआ था और न ही हमारे संविधान में इसकी कोई गुंजाइश है। यह गैर संवैधानिक नहीं बल्कि संविधान विरोधी है। समय लेकर इसके बारे में चर्चा होनी चाहिए। हमने इसे सेलेक्ट कमिटी में भेजने को कहा लेकिन बात नहीं मानी गई। संसद में वोट बटोरने के अपने तरीके हैं। धमकी देते हैं और जांच करते हैं। जिन्होंने इसके समर्थन में वोट डाले वो अब मुकर गए। नीतीश, जगन मोहन रेड्डी, नवीन पटनायक मुकर गए। ये सब अब समझ में आ रहा है। अगर गंभीरता से बात करनी है उसके संविधान में भी तरीके हैं।

**गजेंद्र सिंह : जेएनयू छात्र संगठन को देश विरोधी छात्र संगठन की पहचान बना दी गई है और इसका असर यह हुआ है कि आज जो भी छात्र सरकार के खिलाफ बोल रहा है वह राष्ट्रद्रोही है। ऐसा क्यों हैं?**

● इसके पीछे बहुत बड़ी साजिश है। और इसे गंभीरता से बताना जरूरी है। आज उच्च शिक्षा पर यह हमला क्यों हुआ है। यह सिर्फ जेएनयू तक सीमित नहीं बल्कि तमाम उच्च शिक्षण संस्थानों में यह हुआ है। हैदराबाद के साथ अन्य विश्वविद्यालय के छात्र, आइआइएम, टाटा इंस्टीट्यूट, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बंगलुरु जो कभी राजनीति में रुचि नहीं रखते वहां छात्र एकजुट होकर विरोध कर रहे हैं। हर समय जब आप एक किस्म की विचारधारा को थोपना चाहते हैं और उसके खिलाफ उठने वाले सवालों की प्रक्रिया को आप बंद नहीं करेंगे तो आपकी सफलता नहीं हो पाएगी।

**सुशील राघव : हिंदी भाषी राज्यों में वाम पार्टियों का भविष्य आप कैसे देखते हैं?**

● भविष्य है लेकिन हमारे सामने दिक्कते भी हैं वहां। आंदोलन में जुड़ जाते हैं जो हमारे साथ और जो विश्वास हम पैदा करते हैं लोगों में लाल झंडे के प्रति आंदोलन में उतरने के लिए। लाठी खाएंगे, पुलिस का सामना करेंगे, जेल जाएंगे। लेकिन जब वोट का समय आता है तो यह लाल नहीं, कहीं हरा, कहीं भगवा में बंट जाता है। मुख्य बात ये है कि आप लड़ाई के लिए ठीक हो, जब गठबंधन की बात आती है तो कई पार्टी कहती है हमसे कि आप जमीन पर लड़िए उसका फायदा हमें मिलेगा हम सीट क्यों दें। इस अंतर्विरोध को मिटाना हमारे सामने चुनौती है। यानी आर्थिक सवालों पर लड़ाई करते हुए जो भरोसा हम पैदा करते हैं लोगों में, सामाजिक शोषण के खिलाफ उस तरह का भरोसा हम पैदा नहीं कर पाए। यह अभाव है इसको दूर करने की कोशिश है। उत्तर भारत की राजनीति ज्यादातर जातिवादी आधार पर है। अब ऐसी परिस्थिति में आर्थिक शोषण पर तो लाल झंडे पर विश्वास है लेकिन सामाजिक शोषण पर यह विश्वास नहीं है। तीन साल से हम इसे मिटाने की कोशिश कर रहे हैं। अब तीन साल में 'लाल सलाम जय भीम', 'लाल-नील' नारा उठने लगा है। हम इसी प्रयास में लगे हुए हैं।

**आर्येंद्र उपाध्याय : अर्थव्यवस्था की हालत खराब है और लोग अन्य मुद्दे में उलझे हैं। वामपंथी संगठन इस मुद्दे पर जागरूकता क्यों नहीं बढ़ा पा रहे हैं?**

● आ रही है जागरूकता। आठ जनवरी को अखिल भारतीय हड़ताल हुई थी। 25 करोड़ से ज्यादा मजदूर शामिल हुआ। आर्थिक परिस्थिति में हम रास्ता बता रहे हैं। अमीरों को छूट घटाकर वहीं पैसा विकास कार्य में खर्च किया जाए। पिछले दिनों दो लाख 15 हजार करोड़ रुपए कारपोरेट को छूट दी गई, अगर यही पैसा सरकारी निवेश में लगाते, सड़क, नहर और अन्य काम में करते तो उससे नौकरी पैदा होती। अगर नौकरी मिलेगी तो हाथ में पैसा आएगा तो बंद कारखाने खुलेंगे। चाय-बिस्कुट के देश में अगर कंपनियां कहें कि पांच रुपए का पैकेट बिक नहीं रहा तो क्या हालत हो गई देश में। रास्ता साफ नजर आ रहा है, लेकिन सरकार काम तो करे!

**उमर अब्दुला पर पीएसए लगा दिया है, चार्ज लगाया है कि वह आतंकवाद के चरम पर वोट बटोरने की ताकत रखते हैं, अब यह बताइए कि जनतंत्र में अगर कोई वोट बटोर रहा है तो यह उसकी जनप्रियता है न, अपराध कैसे हुआ? और महबूबा मुफ्ती के लिए कहते हैं कि उनकी पार्टी का झंडा हरा है और हरा पाकिस्तान का झंडा है। अब कौन बताए कि तिरंगा भी एक तिहाई हरा है। तो यह देश विरोधी कैसे हो सकता है।**



**अरविंद शेष : आरक्षण पर उत्तराखंड सरकार के रुख के बाद अब उस पर हाल में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है। फिलहाल समूचे तंत्र में वंचित जातियों की जो भागीदारी है, उसमें ताजा फैसले के आलोक में आगे की तस्वीर पर आपकी क्या राय है?**

● हमने इसका विरोध किया है और करते हैं। संवैधानिक रूप से यह आदेश है कि आरक्षण मिलना चाहिए। सरकार हर दस साल में यह देखेगी कि आरक्षण की और जरूरत है कि नहीं। जब जरूरत होगी तो आंकड़ों के हिसाब से बढ़ता रहेगा। अभी जो सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया कि हम राज्यों के ऊपर छोड़ देते हैं तो राज्यों के ऊपर छोड़ना भी जरूरी है लेकिन यह सवाल नहीं छोड़ सकते की आरक्षण होगा या नहीं होगा। आरक्षण में किसको कितना मिलेगा यह राज्यों को तय करना है, क्योंकि यह जनसंख्या पर आधारित होगा। जैसे त्रिपुरा और ओड़िशा में आदिवासियों को ज्यादा मिलता है दलितों से क्योंकि वहां उनकी जनसंख्या ज्यादा है। कहीं पर ओबीसी को ज्यादा और कहीं कम मिलता है। तो ये अधिकार है राज्यों का लेकिन आरक्षण होगा कि नहीं यह तय करने का अधिकार नहीं है।

**मृणाल वल्लरी : आप विपक्ष के एकमात्र नेता थे जो अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद कश्मीर गए और अदालती लड़ाई लड़ माकपा नेता तारेगामी को इलाज के लिए दिल्ली लाए। लेकिन बाकी विपक्ष ने कश्मीर को अकेला क्यों छोड़ दिया, सरकार की नाकेबंदी पर समर्पण क्यों कर दिया।**

● 370 के खिलाफ जितना जोर से विरोध पकड़ना चाहिए था वह नहीं हो पाया। मैंने संसद में यही कहा कि जितनी तेजी से चीजें आती हैं तो बाकी चीजें पीछे छूटनी शुरू हो जाती हैं।

**प्रस्तुतिः मृणाल वल्लरी/ गजेंद्र सिंह**

## जनसत्ता बारादरी

### सीताराम येचुरी

**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव और पोलित ब्यूरो के नेता का जन्म 12 अगस्त, 1952 को चेन्नई में एक तेलुगुभाषी परिवार में हुआ। दसवीं कक्षा तक हैदराबाद में पढ़ाई, सेंट स्टीफेंस कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक और जेएनयू से परास्नातक किया। आपातकाल के दौरान जेल गए, फिर जनवादी आंदालनों के साथ जुड़ते गए। 19 अप्रैल, 2015 को माकपा के महासचिव के रूप में निर्वाचित किए गए। वाम नेताओं में वैसा चेहरा, जो विपक्ष के संघर्ष की राह में सर्वमान्य हैं। खासतौर पर 2014 के बाद देश के बड़े जनांदोलनों में वाम से जुड़े संगठनों की मेहनत देखी जा सकती है। इसकी अगुआई करते येचुरी सफल साबित हो रहे हैं।**

---

## किताबें मिलीं

## साथ-साथ मेरा साया




प्रस्तुत कृति नरेंद्र मोहन के डायरी समग्र का पहला खंड है। उनकी डायरियां (कालावधि 1967 से आज तक) एक लंबे अरसे से सर्जकों, आलोचकों, सुधी पाठकों और शोधार्थियों के बीच आत्म परिस्थिति, इतिहास और स्मृति को लेकर व्यापक चर्चा और गहरे विश्लेषण का विषय ही नहीं रही हैं, कई तरह के विमर्शों को भी उभारती रही हैं। अलग-अलग समयों पर प्रकाशित उनकी डायरियों ने डायरी के लेखन के क्षेत्र में नए मॉडल और प्रतिमान स्थापित किए हैं। उनके लिए डायरी सर्जना एक नेपथ्य है। इस नेपथ्य के बिना न सर्जक है, न सृजन।

यह खंड लेखक के लंबे आत्म-संघर्ष और रचना-संघर्ष (1967-2001) का एक ऐसा दस्तावेज है जिसमें उसका समय करवटें लेता महसूस किया जा सकता है। निजी पारिवारिक बातें, सामाजिक-राजनीतिक हालात, उनकी अंतर्ध्वनियां, साहित्यिक हलचलें और लेखकीय मन की अजीबोगरीब स्थितियां और हरकतें यहां एक-दूसरे से अलग नहीं हैं बल्कि परस्पर बिंधी हुई हैं, आत्मगत साक्ष्य के साथ। खुद को सामने रखते हुए भी आत्मरति और आत्ममुग्धता का शिकार न होने, अपने से अपनी ही आंखों में खुला छोड़ने और समय को उसकी आंख में, उठने-गिरने के प्रसंगों के साथ पकड़ने और उसे अपनी रगों में महसूस करने की कला डायरी में अनूठी है।

*साथ-साथ मेरा साया: नरेंद्र मोहन; हंस प्रकाशन, बी-336/1, गली नं. 3, दूसरा पुस्ता, सोनिया विहार, नई दिल्ली; 995 रुपए।*

## बहेलिए




राहुल सांकृत्यायन अपनी किताब 'वोल्गा से गंगा' में छह हजार वर्ष पुरानी जिन स्त्रियों एवं मातृसत्तात्मक परंपरा का चित्रण करते हैं वह आज के समय से न सिर्फ भिन्न है बल्कि एक असंभव आश्चर्य-सा प्रतीत होता है। यदि किसी समय में वाकई स्त्रियों की सत्ता थी तो आज स्त्रियां इतनी पराधीन क्यों नजर आती हैं? काल परिवर्तन में ऐसा क्या घटा होगा कि दशा पूर्णतः विपरीत हो गई। अब पग-पग पर निराले तरीकों से स्त्रियां न सिर्फ ठगी जाती हैं, बल्कि चहुंओर बिखरे बहेलिए उन्हें अपने पिंजरे की बुलबुल बनाने के स्वप्न देखते हैं। जो आगे बढ़ रही हैं वे भी और जो पीछे छूट जाती हैं वे भी, सभी पर किसी-न-किसी तरह नकेल कसने की कोशिश की जाती है।

यह कहानी संग्रह उन सभी स्त्रियों की कहानी है जिनके जीवन में बहेलिए आए, उन्हें कैद करने की कोशिश भी की, मगर क्या वे कैद हुईं? यह जरूरी नहीं कि इन कहानियों में बहेलिए सिर्फ पुरुष ही हों, स्त्रियां खुद भी पितृसत्ता को ढोते-ढोते अब उसका अभिन्न अंग बन गई हैं..।

कहानियों का विषय-विस्तार व्यापक है और दृष्टि समझदार। हर कहानी परिवेश के बीचोबीच से उठती है और परिवेश के अंतर्गत सहमति और असहमति के बिंदु पर समाप्त होती है।

*बहेलिए: अंकिता जैन; राजपाल एंड संज, 1590, मदरसा रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली; 175 रुपए।*

## मेरी राशि का अधिपति एक सांड़ है




वीरू सोनकर के इस संग्रह में संकलित कविताओं का दायरा आज के जीवन के लगभग सभी आयामों और छोरों तक फैला हुआ है। ठीक इसी समय में जिये जा रहे जीवन की दैनंदिनी। अविस्मरणीय और कीमती रोचनामचा। एक युवा कवि की ऐसी डायरी जिसे पढ़ते हुए वही प्रश्न सामने आ खड़ा होता है कि 'अब इसके बाद क्या?' वही प्रश्न जो मुक्तिबोध को पढ़ते हुए शमशेर और शमशेर को पढ़ते हुए रघुवीर सहाय के सामने उपस्थित हो गया था। या फिर सातवें दशक में धूमिल की 'पटकथा' और उनकी अन्य कविताओं को पढ़ते हुए प्रकट हुआ था।

वीरू सोनकर की कविताएं अपने आलोचनात्मक विश्लेषण के लिए नए प्रतिमानों की अनिवार्य मांग करती हैं। ये पिछले कुछ दशकों की कविता के नैरंतर्य और अकादमिक आलोचना की जड़ता को एक सिरे से, एक साथ निरस्त भी करती हैं और उनकी संभावनाओं के लिए नई जमीन, परिस्थिति और संदर्भ भी तैयार करती हैं। ये कविताएं अपने प्रकट स्थापत्य और आंतरिक विन्यास की समूची संरचना में अंतर्व्याप्त पीड़ा और प्रतिरोध की, बेचैन और सचेत करती, वास्तविक अर्थों में विलक्षण कविताएं हैं।

*मेरी राशि का अधिपति एक सांड है: वीरू सोनकर; वाणी प्रकाशन, 4695, 21-ए, दरियागंज, नई दिल्ली; 199 रुपए।*

www.readwhere.com



पटाखे की दुकान में आग बुझाते दमकलकर्मी।

# जयपुर के इंदिरा बाजार में लगी भीषण आग

जयपुर, 15 फरवरी (भाषा)।

जयपुर के इंदिरा बाजार में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई। दमकल की 20 गाड़ियों ने लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल विभाग ने बताया कि पटाखे की एक दुकान से शुरू हुई इस आग ने आसपास की सात दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग में लाखों के नुकसान का अनुमान है।

इस बीच मुख्य दमकल अधिकारी जगदीश फुलवारिया ने बताया कि इंदिरा बाजार में पटाखों की एक दुकान से आग शुरू हुई और इसके बाद आसपास की सात दुकानें इसकी चपेट में आ गई।

उन्होंने बताया कि आग बुझाने के प्रयास में एक दमकलकर्मी घायल भी हो गया। उन्होंने कहा कि आग के कारणों व नुकसान की सटीक जानकारी जांच के बाद ही पता लग पाएगी।

# कैग रपट की विषय-सामग्री लीक होने पर यूडीएफ, एलडीएफ में तकरार

कोच्चि, 15 फरवरी (भाषा)।

राज्य विधानसभा में रखे जाने से पहले ही कैग रिपोर्ट की विषय-सामग्री लीक होने का आरोप लगाने वाले केरल के मुख्य सचिव टॉम जोस के बयान से हड़कंप मच गया है। माकपा नीत सत्तारूढ़ पार्टी और कांग्रेस नीत विपक्ष के बीच शनिवार को इस मुद्दे पर जमकर बहस हुई।

राज्य सरकार ने कैग रिपोर्ट को लेकर उसके खिलाफ राजनीतिक हमले की साजिश का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में पुलिस विभाग में विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन में दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए निधियों के किसी अन्य मद में उपयोग करने में राज्य पुलिस के प्रमुख लोकनाथ बेहरा की भूमिका का हवाला दिया गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस ने सरकार पर ध्यान भटकाने वाली युक्तियां अपनाने का आरोप लगाया और उसे मामले में विस्तृत जांच का आदेश देने की चुनौती दी।

**केंद्र करेगा विचार**

**केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा, केंद्रीय वित्त मंत्रालय और गृह मंत्रालय कैग रिपोर्ट में उल्लेखित मामलों पर गंभीरता से विचार करेगा। वर्तमान में यह मामला केंद्र सरकार के सामने औपचारिक रूप से नहीं रखा गया है।**

रिपोर्ट लीक होने का आरोप लगाने वाले मुख्य सचिव के बयान के एक दिन बाद पर्यटन मंत्री के. सुरेंद्रन ने कहा कि वह कांग्रेस का वरिष्ठ विधायक पीटी थॉमस थे, जिन्होंने राज्य विधानसभा में रिपोर्ट की विषय-सामग्री पर नियोजित प्रस्तुति दी। सुरेंद्रन ने कहा कि सदन में कैग रिपोर्ट रखे जाने से पहले, पीटी थॉमस ने विधानसभा में इसकी विषय-सामग्री से संबंधित मामलों को उठाया था।

उन्होंने कैग रिपोर्ट का जिक्र किए बिना मुद्दों पर नियोजित प्रस्तुति दी। इसका मतलब यह हुआ कि उन्हें लीक हुई कैग रिपोर्ट मिल गई थी।

यह सदन की कार्यवाही का स्पष्ट उल्लंघन है। इसकी जांच होनी चाहिए।

मंत्री ने कहा कि जब पूरे मुद्दे का विश्लेषण किया गया तो ऐसा संदेह हुआ कि षड्यंत्र की आशंका है। उन्होंने आरोप लगाया कि कोई शक नहीं है कि कुछ केंद्रों ने साजिश रची। सुरेंद्रन पर निशाना साधते हुए कांग्रेस विधायक पीटी थॉमस ने उनसे मामले पर 'लुका छिपी का खेल' नहीं खेलने की अपील की और कैबिनेट की अगली बैठक में मामले में विस्तृत जांच की मांग उठाने की हिम्मत दिखाने को कहा। इस मुद्दे पर भाजपा ने भी एलडीएफ सरकार पर निशाना साधा।

केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय और गृह मंत्रालय कैग रिपोर्ट में उल्लेखित मामलों पर गंभीरता से विचार करेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह मामला केंद्र सरकार के सामने औपचारिक रूप से नहीं रखा गया है।

# प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने जनवरी में 2,740 लंबित मामले निपटाए

जयपुर, 15 फरवरी (भाषा)।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने जनवरी महीने में 2,740 लंबित आवेदनों का निस्तारण कर नया रिकार्ड बनाया है।

मंडल के अध्यक्ष पवन कुमार गोयल ने बताया कि इससे पहले प्रतिमाह 1,800 लंबित आवेदनों का निस्तारण किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि जनवरी महीने में कुल लंबित प्रकरणों के 37 फीसद से अधिक आवेदनों का निपटारा कर उल्लेखनीय कार्य किया गया है। प्रकरण निस्तारित होने से विभिन्न प्रकार के उद्योगों, होटल, हॉस्पिटल, माइन, क्रेशर व बड़ी बिल्डिंग परियोजनाओं की गतिविधियों में भी गति आई है। उन्होंने बताया कि जनवरी, 2020 में निस्तारित 2,740 आवेदनों में से 1,350 आवेदन चार महीने की निर्धारित समय सीमा पार कर चुके थे, जिनमें से 289 आवेदन एक वर्ष से अधिक समय से लंबित थे। 2019 में जनवरी से सितंबर तक राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल में 15,231 आवेदन प्राप्त हुए, पर इस अवधि में 15,930 आवेदनों का ही निस्तारण किया गया, जबकि विगत 4 महीनों (अक्तूबर, 2019 से जनवरी, 2020) में राज्य मंडल को 4,450 आवेदन प्राप्त हुए व मंडल द्वारा 7,052 आवेदनों का निस्तारण किया गया है, जो प्राप्त आवेदनों की तुलना में डेढ़ गुणा से भी अधिक है।

# कर्नाटक : मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव करने वाले कांग्रेसी नेता हिरासत में

बंगलुरु, 15 फरवरी (भाषा) ।

कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुंडु राव और नेता विपक्ष सिद्धरमैया समेत पार्टी के विभिन्न नेताओं को शनिवार को मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा के कार्यालय का घेराव करने के लिए जाते समय पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कांग्रेस नेता राज्य की भाजपा सरकार द्वारा पुलिस के कथित दुरुपयोग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे।

राव और बंगलुरु (ग्रामीण) से सांसद डीके सुरेश ने पुलिस द्वारा उन्हें रोकने के लिए लगाए गए अवरोधकों को पार करने की कोशिश की और मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करने लगे, लेकिन उन्हें बीच में ही रोककर हिरासत में ले लिया गया। विरोध मार्च रेस कोर्स रोड पर गांधी प्रतिमा से शुरू हुआ था और इसके कारण जाम लग गया।

राज्य कांग्रेस ने सीएए और एनआरसी के संबंध में एक नाटक के दौरान कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आपत्तिजनक रूप से दिखाए जाने के लिए बीदर के एक स्कूल के विरुद्ध राजद्रोह का मुकदमा दर्ज किए जाने और स्कूल की प्रधानाध्यापक तथा एक छात्रा के परिजन को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ प्रदर्शन आयोजित किया था।

राज्य के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य सरकार पर भाजपा और उसकी विभाजनकारी नीतियों का विरोध करने वालों के खिलाफ मामला चलाने के पुलिस के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने खुद को हिरासत में लिए जाते समय कहा, पुलिस के पास हमारे अधिकारों को दबाने या छीनने का कोई अधिकार नहीं है।

# तमिलनाडु में सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की निंदा

चेन्नई, 15 फरवरी (भाषा) ।

तमिलनाडु में द्रमुक समेत विपक्षी दलों ने यहां सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की निंदा की। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित रूप से बल प्रयोग करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किए जा रहे थे। उन्होंने सवाल किया कि पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग क्यों किया। हालांकि भाजपा नेता एच राजा ने पुलिसकर्मियों पर हमले की निंदा की, जिसमें महिला संयुक्त आयुक्त समेत चार लोग घायल हो गए थे। स्टालिन ने एक बयान में कहा, शांतिपूर्ण (प्रदर्शन कर रहे) लोगों पर अकारण अनावश्यक लाठीचार्ज किया गया और इसके कारण राज्य भर के लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ा।

मुसलमानों का सीएए विरोधी प्रदर्शन शुक्रवार को हिंसक हो गया था। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच संघर्ष में चार पुलिसकर्मी घायल हो थे। इसके बाद तमिलनाडु में कई जगह प्रदर्शन हुए थे लेकिन प्रदर्शनकारियों ने शहर पुलिस आयुक्त एके विश्वनाथन के साथ बातचीत के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर बल प्रयोग का आरोप लगाया था। स्टालिन ने इस संबंध में दर्ज हर मामले को वापस लिए जाने और कथित रूप से लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की।

अन्ना मक्कल मुनेत्र कषगम के नेता टीटीवी दिनाकरण ने भी सरकार की आलोचना की। एमडीएमके ने अपने जिला सचिवों की बैठक में प्रस्ताव पारित करके प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित बल प्रयोग करने को लेकर पुलिस की निंदा की।

तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक सहयोगी भाजपा के नेता एच राजा ने प्रदर्शन में पुलिस कर्मियों के खिलाफ हिंसा की निंदा की और ट्वीट किया, दंगा करने वालों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

# सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत छह लोगों की मौत

बलरामपुर (उप्र), 15 फरवरी (भाषा)।

बलरामपुर जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला सहित छह लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए, जिनमें सात की हालत गंभीर है।

पुलिस ने शनिवार को जानकारी दी कि शुक्रवार देर शाम नगर कोतवाली इलाके के राजपुर भरिया जंगल के पास एक जीप अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई, जिसके कारण गोंडा जिले के रवि श्रीवास्तव और दूगेश श्रीवास्तव की मौके पर मौत हो गई व 24 वर्षीय युवक और 23 वर्षीय महिला ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल 15 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में किशना देवी, कृति, सीमा, मंजू देवी, सुरेंद्र, राम सागर, राजन, खेरूनिशा, अब्दुल खालिक, सुमन और अरशद शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में नगर कोतवाली क्षेत्र में कार और ट्रक की टक्कर में कार चालक मोहम्मद आजम की मौत हो गई। इसके अलावा पचपेड़वा क्षेत्र के जुडिकुइया के पास मोटर साइकिल की भिड़ंत में 14 वर्षीय फिरोज की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बलरामपुर गौरा मार्ग पर रामनगर के पास हुई कार और जीप की टक्कर में पांच लोग से घायल हो गए।

# विष्णु दत्त शर्मा बने मध्य प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष

भोपाल, 15 फरवरी (भाषा) ।

मध्य प्रदेश भाजपा के महासचिव एवं खजुराहो लोकसभा सीट के सांसद विष्णु दत्त शर्मा (49) मध्य प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शनिवार को एक विज्ञप्ति जारी कर इसकी आधिकारिक घोषणा की।

विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विष्णु दत्त शर्मा को मध्य प्रदेश भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। वह देश भाजपा राकेश सिंह की जगह लेंगे। सिंह मध्य प्रदेश के जबलपुर से सांसद हैं। उन्हें केन्द्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह का दाहिना हाथ माना जाता है। राज्य के राजनीतिक गलियारों में अनुमान लगाया जा रहा था कि राकेश सिंह को फिर से मध्य प्रदेश भाजपा की कमान सौंपी जा सकती है। उन्होंने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के समर्थन में पिछले महीने अपने लोकसभा क्षेत्र जबलपुर में एक विशाल रैली का आयोजन किया था। हालांकि, भाजपा नेतृत्व ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए शर्मा को चुना। पार्टी के इस कदम ने भाजपा के कई नेताओं को आश्चर्यचकित किया है। विष्णु दत्त शर्मा पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में वीडी शर्मा के नाम से जाने जाते हैं। वह संघ के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से की थी। एबीवीपी को 1990 के दशक में मध्य प्रदेश में मजबूत करने का श्रेय उन्हीं को जाता है। शर्मा एबीवीपी के राष्ट्रीय महासचिव रह चुके हैं। वह वर्ष 2013 में भाजपा में आए।

इस पद पर उनकी नियुक्ति के बाद भाजपा नेतृत्व ने मध्य प्रदेश में दूसरा महत्त्वपूर्ण पद ब्राह्मण नेता को सौंपा है। इससे पहले पार्टी ने गोपाल भार्गव को मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया है।


**कार्यालय वसूली अधिकारी-I**
**ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली**
**चौथी मंजिल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, पटेल चौक, नई दिल्ली - 110 001**

**आर. सी. सं. 887/2018** **बिक्री उद्घोषणा नोटिस** **दिनांकित : 13.01.2020**

बिक्री की उद्घोषणा आयकर अधिनियम 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52(2) के अन्तर्गत को बैंक और वित्तीय संस्थान अधिनियम 1993 की ऋण वसूली के साथ पढ़ा जाये।

**ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स बनाम किशन गुप्ता एवं अन्य**

सीडी नं. 1. किशन गुप्ता पुत्र तेजपाल गुप्ता, निवासीः एम-16, तृतीय तल, वैस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
सीडी नं. 2. मीनू गुप्ता, पत्नी किशन गुप्ता, निवासीः एम-16, तृतीय तल, वैस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
सीडी नं. 3. विमल कुमार गुप्ता, पुत्र तेजपाल गुप्ता, निवासीः एम-16, तृतीय तल, वैस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
सीडी नं. 4. सुषमा गुप्ता, पत्नी विमल कुमार गुप्ता, निवासीः एम-16, तृतीय तल, वैस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008

जैसा कि आप पीठासीन अधिकारी, **ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली ओ.ए सं 428/2017/डीआरटी-III दिल्ली में आपके द्वारा देय रू. 59,98,834,33 (रू. उनसठ लाख अट्ठान्वे हजार आठ सौ चौतीस और पैसे तैतीस मात्र) दिनांक 22.06.2017 से प्रभावी 11 प्रतिशत वार्षिक की दर से साधारण ब्याज, लागतों का प्रमाण-पत्र के अनुसार भुगतान करने में असफल रहे।**

और जैसा कि अधोहस्ताक्षरी ने इस प्रमाणपत्र की संतुष्टी हेतु निम्नानुसार अनुसूची में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कोई स्थगन के किसी आदेश के अभाव में उक्त सम्पति की सार्वजनिक नीलामी द्वारा **08.04.2020 को अप. 03.00 बजे से अप. 04.00 बजे के बीच (स्वतः विस्तार खण्ड के साथ यदि बंद होने से पहले अंतिम 5 मिनट में बोली अपेक्षित होती है)** ई-नीलामी तथा बोली प्रक्रिया होगी जो ऑनलाईन इलैक्ट्रॉनिक प्रक्रिया के द्वारा मैसर्स सी1 इण्डिया प्रा. लि., **उद्योग विहार, फेज-2, बिल्डिंग नं. 301, गुड़गाँव (हरियाणा)-122015, हैल्पलाईन नं. +91-7291981124/25/26** के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी द्वारा बेची जाएगी। किसी पूछताछ के लिए **श्री विनोद चौहान, जिसका मोबाइल नंबर 09813887931, ई-मेल : support@bankeauctions.com, वेब: www.bankeauctions.com से सम्पर्क करें।**

अन्य विवरण हेतु **बैंक के ऑफिसर, श्री अनिल कुमार वर्मा, मुख्य प्रबंधक, मो. 9451954257 से सम्पर्क करें।**

उपरोक्त नाम के प्रतिवादी की सम्पत्ति की बिक्री उपरोक्तानुसार सम्पत्ति के लिए संलग्न देनदारियों एवं दावें को जैसा अभी तक निर्धारित किया गया है, वे प्रत्येक लॉट के लिए अनुसूची में विनिर्दिष्ट है।

बिक्री से संबंधित कोई अधिकारी या अन्य व्यक्ति निविदा के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्पत्ति की बिक्री के लिए बोली, अधिग्रहण अथवा प्रयास नहीं करेगा। आयकर अधिनियम 1961 के द्वितीय अनुसूची के शर्तों एवं उसके नियमों के तहत तथा निम्न शर्तों के अनुरूप ही बिक्री की जाएगी।

बिक्री उद्घोषणा की अनुसूची में उल्लेखित विवरण को अधोहस्ताक्षरी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दर्शाया गया है, परन्तु अधोहस्ताक्षरी किसी त्रुटि, गलत बयान बाजी अथवा उद्घोषणा में चूक होने पर जिम्मेदारी नहीं होगी।

1. सम्पत्ति का विवरण, आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि निम्नानुसार है।

| क्र.सं. | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (ईएमडी) |
|---|---|---|
| 1. | सम्पत्ति नं. एम-16, तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, वैस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली में स्थित | रू. 40,00,000/- (रू. चालीस लाख मात्र) धरोहर राशि : 4,00,000/- (रू. चार लाख मात्र) |

सम्पत्ति धरोहर राशि से कम पर नहीं बेची जाएगी।

2. बोली, **कम से कम रू. 50,000/- (रू. पचास हजार मात्र) बढ़ाई जा सकेगी।** बोली अथवा बोलीदाता के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में लॉट की नीलामी दोबारा की जाएगी। यदि उपलब्ध कोई भी बोलीदाता अपनी बोली नहीं बढ़ाता है, तब सर्वप्रथम प्राप्त ईएमडी अधोहस्ताक्षरी द्वारा आगे विचार हेतु रोक कर रखी जा सकती है।

3. किसी लॉट के उच्चतम बोलीदाता को क्रेता घोषित किया जाएगा। उच्चतम बोली को अस्वीकार करना अधोहस्ताक्षरी का विवेकाधिकार होगा, यदि पेश की गई ऑफर स्पष्ट रूप से अपर्याप्त प्रतीत होती है।

4. इच्छुक बोलीदाताओं को धरोहर राशि **पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जो कि "Recovery Officer-I, DRT-III, Delhi के पक्ष में सीलबंद लिफाफे में दिल्ली** में देययोग्य हो, **को दिनांक 06.04.2020 तक देनी होगी।** धरोहर राशि इसके पश्चात नीलामी के लिए स्वीकार नहीं की जायेगी।

5. पैन कार्ड की प्रति, पते का प्रमाण तथा पहचान प्रमाण, ई-मेल आई डी, मोबाईल नम्बर और इस आशय की उद्घोषणा कि वे स्वयं की ओर से या अपने स्वामी की ओर से बोली लगा रहे है, जमा करनी होगी। स्वामी की ओर से बोली लगाने वाले मामलों में बोली लगाने वाले को अपना प्राधिकार पत्र जमा करना होगा वरना बोली अस्वीकार कर दी जाएगी। कम्पनी के मामले में कम्पनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की कम्पनी प्रति या कम्पनी के अटार्नी/प्रतिनिधित्व को पुष्ट करने वाले अन्य कोई आलेख्य तथा ऐसी जमा रशिद/काउन्टर फाईल कथित तिथि तक ई-मेल या अन्यथा द्वारा कथित सेवा प्रदाता या सी एच बैंक तक पहुंच जानी चाहिए और इसकी हार्ड कॉपी (स्थूलप्रति) **वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, दिल्ली** के कार्यालय में जमा कराना होगा।

6. सफल बोलीदाता को अपनी अंतिम बोली का 25 प्रतिशत राशि, ईएमडी समायोजन के बाद, अगले बैंक कार्य दिवस को अर्थात अप. 03.00 बजे तक ऊपर में निर्धारित विधि में जमा करनी होगी।

7. क्रेता को अंतिम बोली की **75 प्रतिशत राशि सम्पत्ति की बिक्री की तिथि से 15 वें दिन को अथवा पूर्व जमा करनी होगी। यदि 15वां दिन रविवार या अवकाश है, तब 15वें दिन** के बाद पहले बैंक कार्य दिवस को ऊपर पैरा 4 में निर्धारित विधि में जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त **क्रेता को रू. 1,000/- तक बिक्री मूल्य के 2 प्रतिशत की दर पर तथा रू. 1,000/- से अधिक पर बिक्री मूल्य के 1 प्रतिशत की दर पर पाउण्डेज फीस रजिस्ट्रार, डीआरटी-III, दिल्ली के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा वसूली अधिकारी-I, डीआरटी-III, दिल्ली के पास जमा करना होगा।**

8. इच्छुक बोलीदाताओं हेतु **सम्पत्ति का निरीक्षण दिनांक 02.04.2020 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे के बीच किया जा सकता है।**

9. निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में, सम्पत्ति की बिक्री नए सिरे से की जाएगी। ऐसी बिक्री से पहले उसकी नई उद्घोषणा जारी की जाएगी। बोलीदाता द्वारा पहले जमा की गई राशि, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, बिक्री के व्यय काटने के बाद, सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता के, सम्पत्ति अथवा उसके किसी अंश अथवा सम्पत्ति की पुनरबिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के किसी अंश के संबंध में, सभी दावे जब्त हो जाएगें।

10 सम्पत्ति की बिक्री **"जैसा है जहां है तथा जो है जैसा है आधार"** पर की जा रही है।

11 अधोहस्ताक्षरी के पास, किसी भी या सभी बोलियों को, अनुपयुक्त पाए जाने पर, स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा किसी भी समय, बिना कोई कारण बताए, नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

12 सम्पत्ति के किसी भी भाग पर राजस्व / भार या विवाद अगर कोई है जो कि सम्पत्ति के सम्बंध में है, इस स्तर पर अधोहस्ताक्षरी के ज्ञान में नहीं है। हालांकि, भावी बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ईएमडी जमा करने से पहले, अपने स्वयं के हित में, बिजली / पानी / हाउस टैक्स या किसी अन्य भार इत्यादि हेतु के बकाया राशि की स्वंय जॉच कर लें।

13. असफल बोलीदाता/ओं को अपने ईएमडी के रिफंड के लिए आरसी की सुनवाई की अनुसूची तिथि पर या उससे पहले डीआरटी-III की रजिस्ट्री में पहचान प्रमाण के साथ एक आवेदन दायर करने के लिए निर्देशित किया जाता है जिसे तदनुसार आर.सी. अनुसूची / सुनवाई की तारीख के बाद वापस किया जाएगा

14. सीएच बैंक को वर्णित सम्पत्ति को प्रमाणित और उसकी सच्चाई के बारे में सत्यापित करने के लिए निर्देशित किया गया है। **(अनिल कुमार यादव)**

**मेरे हस्ताक्षर तथा मोहर के साथ आज दिनांक 13 जनवरी, 2020 को दिया गया।** **वसूली अधिकारी-I, ऋणवसूली अधिकरण-III, दिल्ली**


# निर्मल और स्वच्छ गोमती के लिए सरकार जुटी : योगी

लखनऊ, 15 फरवरी (भाषा)।

'जल ही जीवन है' को दोहराते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि हम सभी को साथ मिलकर जल की शुद्धता बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए। लखनऊ से होकर बहने वाली गोमती के बारे में उन्होंने कहा कि इसे निर्मल और अविरल बनाने के लिए सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। लेकिन जनता को भी प्रयास करना होगा तभी हम नदी को उसका पुराना निर्मल स्वरूप लौटा सकेंगे।

योगी ने शनिवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में 'मां शारदालय मंदिर' का लोकार्पण किया और प्रांगण में रुद्राक्ष का पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि केजीएमयू में हर साल बसंत पंचमी धूमधाम से मनाई जाती है, मां शारदा की प्रतिमा लगाई जाती है। पूजा के बाद उनका विसर्जन गोमती में किया जाता है जिससे नदी जल प्रदूषित होता था। लेकिन अब 'मां शारदा' की स्थाई प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा होने से नदी को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि नदी को निर्मल बनाने की दिशा में केजीएमयू का यह अभिनव प्रयास है। नमामि गंगे परियोजना की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, 'बाढ़ के दौरान मैं एनडीआरएफ के जवानों के साथ गंगा में भ्रमण कर रहा था। उन्होंने बताया कि पहले गंगा में अभ्यास के दौरान उनके शरीर पर चकत्ते पड़ जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होता।' उन्होंने कहा कि 'नमामि गंगे' ने गंगा को निर्मल और अविरल बना दिया है। उन्होंने कहा कि गंगा को ऐसा बनाने के लिए हमें बहुत कुछ करना पड़ा। कानपुर में प्रतिदिन 140 एमएलडी सीवर गिरता था। रासायनिक प्रदूषण के कारण नदी में मछलियां नहीं बची थीं। हमने उन नालों को जल-मल शोधन संयंत्र में भेजा और शोधित जल का उपयोग सिंचाई में किया। उन्होंने कहा कि गोमती के लिए भी हमें महती प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वच्छ भारत अभियान' चलाया। इससे न सिर्फ गंदगी कम हुई बल्कि बीमारियां भी दूर हुईं।



वाराणसी में शनिवार को मीडिया से बात करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।


**ARCOTECH LIMITED**
**CIN: L34300HR1981PLC012151**
**Regd. Off.:**181, Sector-3, Industrial Growth Centre, Bawal, Distt. Rewari, Haryana123501
Website: www.arcotech.in, email: contact@arcotech.in, Tel: 0128-4264160
**Extracts of the Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Month ended 31st December, 2019**
**(Rs. in lacs, except per share data)**

| S.N | Particulars | Quarter ended 31.12.2019 (Unaudited) | Quarter ended 31.12.2018 (Unaudited) | Nine Month ended 31.12.2019 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Revenue from operations | 275.00 | 11724.35 | 7354.93 |
| 2. | Net Profit for the period (before Tax and Exceptional items) | (1737.50) | (7570.63) | (8016.84) |
| 3. | Net Profit for the period before tax (after Exceptional items) | (1737.50) | (7570.63) | (8016.84) |
| 4. | Net Profit for the period after tax | (1253.20) | (4960.87) | (5551.55) |
| 5. | Total Comprehensive income for the period | (1252.73) | (4960.81) | (5549.59) |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value of Rs.2/- each) | 2100.00 | 2100.00 | 2100.00 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | — | — | — |
| 8. | Earnings Per Share(for continuing operations) Basic (Rs.) Diluted (Rs.) | (1.19) | (4.72) | (5.29) |

Note:
1. The above Financial Results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their Meeting held on 14th February, 2020
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the website of the Stock Exchanges at www.bseindia.com and at www.nseindia.com and also on the Company's website at www.arcotech.in
3. The Company has adopted Indian Accounting Standards ("Ind AS") from April 1, 2017 and accordingly, these financial results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in Ind AS 34 "Interim Financial Reporting prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with the relevant rules issued thereunder and the other accounting principles generally accepted in India.

**By the order of Board of Directors**
**For Arcotech Limited**
**Sd/-**
**Whole Time Director**
**Din: 01189370**

**Place: New Delhi**
**Date: 14.02.2020**


# नाबालिग से चोरी कराने के आरोप में गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

ठाणे, 15 फरवरी (भाषा)।

महाराष्ट्र में ठाणे जिले के मीरा रोड क्षेत्र से पुलिस ने विवाह समारोहों में एक लड़के से कथित रूप से चोरी करवाने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि तीनों आरोपियों की पहचान विक्रांत भनेरिया, चंदन सिंह राजपूत और आदित्य सिसोदिया के रूप में की गई है। तीनों मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले की सारंगपुर तहसील के निवासी हैं। पुलिस ने दस साल के एक लड़के को हिरासत में लिया है, जिसे गिरोह के सदस्य चोरी करने के लिए भेजते थे।

नया नगर थाने के वरिष्ठ निरीक्षक कैलाश बर्वे ने कहा कि ठाणे जिले की ग्रामीण पुलिस ने तीनों को गुरुवार को गिरफ्तार किया। गिरोह पहले भी ऐसे कई अपराध कर चुका है। ताजा घटना मीरा रोड पर एक विवाह समारोह में 12 फरवरी को हुई थी। उन्होंने कहा कि शिकायत के अनुसार लड़का दुल्हन की कमरे में घुसा। दुल्हन के एक रिश्तेदार ने उसे वहां पड़े एक बैग में से बटुआ चुराते देखा। जब रिश्तेदार ने लड़के को टोका तो उसने कहा कि बटुआ उसकी मां का है। बर्वे ने कहा कि रिश्तेदार को लड़के पर शक हुआ और उसने लड़के से उसकी मां के पास ले चलने को कहा। इस पर लड़का जवाब नहीं दे पाया तो रिश्तेदार उसे मैरिज हॉल के प्रबंधक के पास ले गया, जिसने पुलिस को घटना की जानकारी दी। दुल्हन के रिश्तेदार ने बाद में शिकायत दर्ज कराई।

अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान यह सामने आया कि गिरोह लड़के को विवाह समारोहों में चोरी करने के लिए भेजता था और चोरी करने के बाद उसे पैसे देता था। वरिष्ठ निरीक्षक बर्वे ने बताया कि लड़के द्वारा दी गई सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे कई गिरोह सक्रिय हैं। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के आधार पर मामला दर्ज किया गया है और लड़के को अदालत के आदेशानुसार भिवंडी में सुधार गृह में भेज दिया गया है।

## खबर कोना



मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान रैंप पर क्रिकेटर शिखर धवन।

### अभद्र टिप्पणी मामले में प्रतिबंध से बचे अकमल

कराची, 15 फरवरी (भाषा)।

पाकिस्तानी बल्लेबाज उमर अकमल लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस परीक्षण के दौरान एक ट्रेनर पर कथित अभद्र टिप्पणी करने के बावजूद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रतिबंध से बच गए। यह घटना पिछले महीने हुई थी जब सभी खिलाड़ियों को बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू शृंखला और पाकिस्तान सुपर लीग से पहले एनसीए में फिटनेस परीक्षण देने के लिए कहा गया था। शारीरिक वसा जांच के दौरान उमर (26 वर्ष) झुंझला गए जो अन्य परीक्षों में विफल हो गए थे। उन्होंने कपड़े निकालते हुए ट्रेनर पर अभद्र टिप्पाणी की थी। ट्रेनर ने इस मामले की रिपोर्ट मिस्बाह उल हक को दी जो मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता हैं। उन्होंने बोर्ड से जांच के लिए कहा। पीसीबी ने जांच पूरी होने के बाद कहा कि यह घटना गलतफहमी के कारण हुई। पीसीबी ने कहा कि उमर अकमल को अपने किए पर पछतावा है और पीसीबी ने उन्हें फटकार लगाई।

### विदित गुजराती ने रैंगर को हराया, संयुक्त रूप से शीर्ष पर

प्राग, 15 फरवरी (भाषा)।

भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी विदित एस गुजराती यहां तीसरे दौर में आस्ट्रिया के जीएम मार्कस रैंगर पर जीत से प्राग शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। भारत के लिए शुक्रवार का दिन मिश्रित नतीजों वाला रहा जिसमें देश के तीसरे नंबर के खिलाड़ी पी हरिकृष्ण को युवा अलीरेजा फिरौजा से 40 चाल में हार का सामना करना पड़ा। विदित ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए 46 चाल में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पोलैंड के शीर्ष वरीय जॉन क्रिस्तोफ दुदा को अमेरिका के सैम शंकलैंड ने ड्रॉ पर रोका।

### हम्पी और हरिका ने केंर्स कप शतरंज में ड्रा खेले

सेंट लुइस, 15 फरवरी (भाषा)।

भारत की कोनेरू हम्पी ने यहां दूसरे केंर्स कप शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में ड्रॉ खेला। इससे वह 4.5 अंक लेकर विश्व चैंपियन वेनजुन जु के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हैं। विश्व रैपिड शतरंज चैंपियन हम्पी को शुक्रवार को सातवें दौर में अमेरिका की इरिना क्रश से 52 चाल में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। वहीं टूर्नामेंट में खेल रही अन्य भारतीय खिलाड़ी द्रोणावल्ली हरिका को अमेरिका की कारिसा यिप ने 43 चाल के बाद अंक बांटने पर मजबूर किया। इससे भारतीय खिलाड़ी के 3.5 अंक हैं।

# बीस किमी पैदल चाल में भावना जाट का कमाल

रांची, 15 फरवरी (भाषा)।

भारतीय एथलीट भावना जाट ने शनिवार को राष्ट्रीय चैंपियनशिप की 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में राष्ट्रीय रेकार्ड बनाने के बाद ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। राजस्थान की 23 साल की इस एथलीट ने 1:29.54 सेकंड के समय से ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। ओलंपिक का क्वालीफिकेशन समय 1:31.00 सेकंड था।

भावना ने इस तरह पिछले साल अक्तूबर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान बनाए गए 1:38.30 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में काफी सुधार किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रियंका गोस्वामी 1:31.36 सेकंड के समय से ओलंपिक कट से करीब से चूक गईं जिसका आयोजन 24 जुलाई से नौ अगस्त तक तोक्यो में किया जाएगा।

इससे पहले राष्ट्रीय रेकार्ड दिल्ली की बेबी सौम्या के नाम था जिन्होंने राष्ट्रीय पैदल चाल चैंपियनशिप 2018 (दिल्ली) में 1:31:29 सेकंड का समय लिया था।

भावना जयपुर में कोच गुरमुख सिहाग की देखरेख में खुद ही अभ्यास करती हैं। उन्होंने जूनियर या सीनियर स्तर के किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। वह भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआइ) के किसी शिविर का भी हिस्सा नहीं रही हैं।

**1:29.54 सेकंड के समय से ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया**

“ यह सपने के सच होने जैसा है। यह पिछले कुछ महीने से की गई मेरी और कोच की मेहनत का नतीजा है। -भावना जाट

“ भावना ने डोप परीक्षण के लिए नमूना दिया है जिसका मतलब यह हुआ कि उनका राष्ट्रीय रेकार्ड मान्य रहेगा। -कोच गुरमुख सिहाग

**1:38.30** सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार किया भावना जाट ने

**1:31:29** सेकंड के साथ पहले यह रेकार्ड दिल्ली की बेबी सौम्या के नाम था

**1:31.36** सेकंड के समय से ओलंपिक कट से चूकीं प्रियंका गोस्वामी

उन्होंने सीनियर स्तर पर 2016 में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप से पदार्पण किया। हैदराबाद में आयोजित इस प्रतियोगिता में वह 1:52:38 सेकंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रही थीं। भारतीय रेलवे में (कोलकाता में) ‘ट्रेन टिकट परीक्षक’ के तौर पर काम करने वाली भावना ने कहा कि यह सपने के सच होने जैसा है। मैं अभ्यास के दौरान 1:27:00 सेकंड का समय ले रही थी। ऐसे में मुझे पता था कि अगर परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो मैं ओलंपिक क्वालीफाइंग समय 1:31:00 सेकंड से कम समय में स्पर्धा को पूरा कर सकती हूं।

जयपुर के सवई मान सिंह स्टेडियम के आस-पास सड़क पर अभ्यास करने वाली भावना ने कहा कि यह पिछले कुछ महीने से की गई मेरी और कोच की मेहनत का नतीजा है। केटी इरफान (पुरुषों की 20 किलोमीटर पैदल चाल), अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज) एवं मिश्रित 4गुणा400 मीटर रिले टीम और नीरज चोपड़ा (पुरुष भालाफेंक) पहले ही एथलेटिक्स में तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

उनके कोच गुरमुख ने कहा कि भावना ने डोप परीक्षण के लिए नमूना दिया है जिसका मतलब यह हुआ कि उनका राष्ट्रीय रेकार्ड मान्य रहेगा। भावना इसके बाद एशियाई पैदल चाल चैंपियनशिप में भाग लेंगी जो 15 मार्च से जापान में होगी।

## अभ्यास मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने भी हुनर दिखाए

# बुमराह और शमी ने मेजबान बल्लेबाजों को किया परेशान

हैमिल्टन, 15 फरवरी (भाषा)।

जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी ने न्यूजीलैंड एकादश के खिलाफ भारत के अभ्यास मैच के दूसरे दिन शानदार गेंदबाजी की। वेलिंगटन में होने वाले पहले टैस्ट से पहले भारतीय खिलाड़ियों ने घरेलू टीम को चेताया कि मेजबानों के लिए चीजें इतनी आसान नहीं होंगी।

न्यूजीलैंड की टीम 74.2 ओवर में 235 रन पर सिमट गई। इसमें बुमराह (11 ओवर में 18 रन देकर दो विकेट) और शमी (10 ओवर में 17 रन देकर दो विकेट) ने परिस्थितियों का अच्छा इस्तेमाल किया। उमेश यादव (13 ओवर में 49 रन देकर दो विकेट) और नवदीप सैनी (15 ओवर में 58 रन देकर दो विकेट) ने काफी ओवर फेंके लेकिन वे टीम के दो मुख्य तेज गेंदबाजों की तरह अपने स्पेल से बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके।

पिच अब बल्लेबाजों के लिए आसान होती जा रही है। पृथ्वी साव (19 गेंद में नाबाद 29 रन) ने कई कवर ड्राइव लगाए और उनकी पारी में एक शानदार छक्का भी शामिल रहा।



मैच समाप्त होने के बाद पवेलियन लौटते मयंक अग्रवाल और पृथ्वी साव।

मयंक अग्रवाल (17 गेंद में नाबाद 23 रन) ने एक छक्का लगाया जिससे दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने बिना विकेट गंवाए 53 रन बना लिए थे।

मुख्य कोच रवि शास्त्री अपने तेज गेंदबाजों की लय देखना चाहते थे और बुमराह व शमी ने बादलों भरे मौसम में काफी अच्छी गेंदबाजी की। उमेश और सैनी ने हालांकि अपने पहले स्पेल में काफी फुल लेंथ गेंद फेंकी। बुमराह ने उछाल हासिल करते हुए बल्लेबाजों को परेशान किया और तीन छोटे स्पेल में गेंदबाजी की जबकि शमी ने दो स्पैल डाले। शमी ने ध्यान सीम को दोनों तरीकों से गेंदबाजी करने पर लगाया।

बुमराह ने विल यंग (02) को कोण लेती गेंद से बल्ला छुआने के लिए उकसाया और ऋषभ पंत ने इस कैच को लपकने में जरा गलती नहीं की। इसके बाद उन्होंने फिन एलेन (20) का विकेट झटका। लंच के बाद शमी के दूसरे स्पैल ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया जिसमें सीनियर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जिमी नीशम शामिल थे।

इससे पहले उन्होंने क्रीज पर जमे हुए हेनरी कूपर (68 गेंद में 40 रन) को फुल लेंथ गेंद पर आउट किया। इसके बाद दोनों अंतिम सत्र में गेंदबाजी के लिए नहीं उतरे। अंत में आधा घंटा काफी मनोरंजक रहा जिसमें स्कॉट कुगेलीजन और ब्लेयर टिकनर की गेंदों को साव और अग्रवाल ने काफी पीटा और आसानी से रन जुटाए।

## इशांत फिटनेस टेस्ट में पास, शृंखला के लिए रवाना होंगे

नई दिल्ली, 15 फरवरी (भाषा)।

भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा शनिवार को बंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस टेस्ट में सफल रहे। वह 21 फरवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट शृंखला के लिए न्यूजीलैंड में टीम के साथ जुड़ेंगे।



बीसीसीआइ के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, ‘हां, उसने (इशांत) फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है और (वह) न्यूजीलैंड में टीम से जुड़ेगा। वह पहले टेस्ट में चयन के लिए उपलब्ध हैं लेकिन इस मामले में आखिरी फैसला टीम प्रबंधन को करना है।’ उम्मीद है कि इशांत पहले टेस्ट के लिए वेलिंगटन रवाना होंगे।

इशांत ने चोट से उबरने में मदद करने के लिए एनसीए के फिजियो आशीष कौशिक को धन्यवाद दिया। इशांत ने ट्वीट किया, ‘20 जनवरी को टखने में चोट लगने के बाद मेरे लिए मुश्किल समय था, लेकिन मुझे खुशी है कि आशीष कौशिक की मदद से मैं आज फिट हूं। उस समय स्कैन में जो दिखा था वह डरावना था। शुक्रिया आशीष।’

भारत के लिए 96 टैस्ट खेलने वाले इशांत का टखना रणजी ट्राफी के मैच में 20 जनवरी को चोटिल हो गया था। न्यूजीलैंड दौरे पर टैस्ट शृंखला के लिए चार फरवरी को चुनी गई टीम में इशांत शामिल थे।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी** : 263 रन

**न्यूजीलैंड एकादश पहली पारी** : विल यंग का पंत बो बुमराह 02, रचिन रविंद्र का पंत बो यादव 34, टिम सिफर्ट का पंत बो शमी 09, फिन एलेन बो बुमराह 20, हेनरी कूपर का अग्रवाल बो शमी 40, टॉम ब्रूस बो सैनी 31, डेरिल मिशेल का साव बो यादव 32, जेम्स नीशम बो शमी 01, डेन क्लीवर बो सैनी 13, स्कॉट कुगेलीजन नाबाद 11, ईश सोढ़ी का पुजारा बो अश्विन 14, **गेंदबाजी** : बुमराह 11-3-18-2, यादव 13-1-49-2, शमी 10-5-17-3, सैनी 15-2-58-2, अश्विन 15.2-2-46-1, जडेजा 10-4-25-0

**भारत दूसरी पारी** : पृथ्वी साव खेल रहे हैं 35, मयंक अग्रवाल खेल रहे हैं 23 **गेंदबाजी** : ब्लेयर टिकनर 3-0-19-0, स्कॉट कुगलीजन 3-0-34-0, स्कॉट जानस्टन 1-0-6-0

## रणजी ट्रॉफी : दिल्ली-राजस्थान के बीच मुकाबला ड्रा

नाडियाड (गुजरात), 15 फरवरी (भाषा)।

दिल्ली और राजस्थान और हैदराबाद और विदर्भ के बीच शनिवार को मुकाबला ड्रा रहा। दिल्ली ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक जुटाए जबकि हैदराबाद में विदर्भ को तीन अंक मिले। लेकिन नतीजा उन्हें अगले दौर में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था।

वहीं गुजरात से हारने के बावजूद आंध्र रणजी क्वार्टर फाइनल में आंध्र ने शनिवार को ग्रुप ए के अंतिम मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही गुजरात के हाथों आठ विकेट की हार के बावजूद रणजी ट्राफी के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## कुरेन ने इंग्लैंड को दिलाई जीत, शृंखला 1-1 से बराबर

डरबन, 15 फरवरी (एएफपी)।

टॉम कुरेन के अंतिम दो गेंद में दो विकेट झटकने से इंग्लैंड ने शुक्रवार को दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका पर दो रन से रोमांचक जीत हासिल की। इससे तीन मैचों की शृंखला 1-1 से बराबर हो गई। इंग्लैंड ने पहले खेलते हुए सात विकेट पर 204 रन की पारी खेली जिसमें मैन ऑफ द मैच मोईन अली ने 11 गेंद में तेजी से 39 रन जुटाए। इससे मेहमान टीम ने अंतिम पांच ओवरों में 79 रन जुटाए।

इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम सात विकेट पर 202 रन बना पाई। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान क्विंटन डि कॉक ने 22 गेंद में आठ छक्कों की मदद से 65 रन की पारी खेली, उन्होंने तेम्बा बावुमा के साथ 92 रन की भागीदारी निभाई। मार्क वुड ने इन दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट झटके। लेकिन रासी वान डर डुसेन (नाबाद 43 रन) और ड्वेन प्रिटोरियस (25) ने दक्षिण अफ्रीका को करीब तक पहुंचा दिया था। इससे टीम को अंतिम ओवर में जीत के लिए 15 रन की दरकार थी जिसमें प्रिटोरियस ने 12 रन बनाए लेकिन वह यार्कर गेंद पर पगबाधा आउट हो गए।

इंग्लैंड को अंतिम दो गेंद में तीन रन चाहिए थे लेकिन टीम ने प्रिटोरियस का विकेट गंवा दिया।

## लक्ष्य ने उलटफेर किया, भारत को मिला कांसा

मनीला (फिलीपींस), 15 फरवरी (भाषा)।

लक्ष्य सेन की एशियाई खेलों के चैंपियन जोनाथन क्रिस्टी पर उलटफेर भरी जीत भी भारतीय पुरूष टीम के काम नहीं आ सकी जो यहां शनिवार को एशियाई टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में दो बार की गत चैंपियन इंडोनेशिया से 2-3 से हार गई और उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

लक्ष्य (31वीं रैंकिंग) ने दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन पर दूसरे एकल मुकाबले में 21-18 22-20 से सनसनीखेज जीत हासिल और भारत को दौड़ में बनाए रखा। पहले एकल में बी साई प्रणीत शुरूआती गेम में एंथोनी जिनटिंग से 6-21 से पिछड़ने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए। एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला की युगल जोड़ी ने कड़ी मशक्कत की लेकिन उन्हें



तीन बार के विश्व चैंपियन और दूसरी रैंकिंग के मोहम्मद अहसन और हेंड्रा सेटियावान से 10-21 21-14 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

इससे इंडोनेशियाई टीम 2-1 से आगे हो गई। 2018 के सालोर्लक्स ओपन चैंपियन शुभंकर डे ने फिर तीसरे एकल में दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी शेसार हिरेन रूस्तावितो को 21-17 21-15 से हराकर उलटफेर किया जिससे फिर भारतीय टीम 2-2 से बराबरी पर पहुंच गई।

## शीर्ष खिलाड़ियों को लेनी होगी जिम्मेदारी : मंधाना

दुबई, 15 फरवरी (भाषा)।

फॉर्म में चल रही सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि मध्यक्रम की अनिरंतरता को देखते हुए भारत की शीर्ष चार खिलाड़ियों को ज्यादा सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि 21 फरवरी से आस्ट्रेलिया में शुरू होने वाले आइसीसी महिला टी-20 विश्व कप के दौरान उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी होगी। भारत के मध्यक्रम का प्रदर्शन निरंतर नहीं रहा है और लगातार विफलताओं का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा है। मंधाना ने कहा कि मध्यक्रम में निश्चित रूप से सुधार किया जा सकता है।

## बीसीसीआइ की बैठक में घरेलू सत्र के कैलेंडर पर चर्चा आज

नई दिल्ली, 15 फरवरी (भाषा)।

बीसीसीआइ की रविवार को होने वाली शीर्ष परिषद की बैठक में 2020-21 घरेलू सत्र के लिए कैलेंडर सहित अन्य एजंडों पर चर्चा हो सकती है। इस बैठक में आचरण अधिकारी की नियुक्ति और भारतीय क्रिकेटरों के संघ (आइसीए) के लिए फंड जारी करने सहित कई एजंडे शामिल होंगे।

न्यायमूर्ति डीके जैन को पिछले साल फरवरी में बीसीसीआइ का पहला लोकपाल नियुक्त किया गया था और इसके बाद वह इसके आचरण अधिकारी के रूप में दोहरी भूमिका निभाने लगे। उन्होंने सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और कपिल देव के खिलाफ हितों के टकराव संबंधित आरोपों का निपटारा किया।

यह देखना होगा कि जैन को इसी जिम्मेदारी के लिए बरकरार रखा जाएगा या फिर सौरव गांगुली की अगुआई वाला बोर्ड नई नियुक्ति करेगा। नौ सदस्यीय परिषद के लिए एक और मुद्दा एजंडे में शामिल होगा और वो आइसीए को फंड जारी करना है जो उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त लोढ़ा पैनल की सिफारिशों के मुताबिक बना भारत का पहला खिलाड़ी संघ है।

अक्तूबर में बने आइसीए को बीसीसीआइ से कोष की काफी जरूरत है। अभी तक खिलाड़ियों के संघ को कोई फंड नहीं दिया गया है जिससे इसका कोई कार्यालय नहीं है और यह नियमित अंतराल पर बैठक भी नहीं कर पा रहा।

अक्तूबर में हुई पहली बैठक में आइसीए ने 15 से 20 करोड़ रुपए का अस्थाई बजट तैयार किया था।

### उछाल भरी पिचों पर खेलने में मिली मदद | साक्षात्कार | अंडर-19 विश्व कप में मैन ऑफ द सीरीज रहे

# एस्ट्रो टर्फ पर अभ्यास से सफल हुए यशस्वी

मुंबई, 15 फरवरी (भाषा)।

अंडर-19 विश्व कप में मैन ऑफ द सीरीज रहे भारत के यशस्वी जायसवाल ने कहा कि एस्ट्रो टर्फ पिचों पर अभ्यास करने से उन्हें उछाल भरी पिचों पर खेलने में मदद मिली। जायसवाल टूर्नामेंट की छह पारियों में 400 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी बने। इसमें पाक के खिलाफ सेमी फाइनल में लगाई गई नाबाद शतकीय पारी भी शामिल है।

जायसवाल ने कहा कि ज्वाला सर (उनके मेंटोर) ने मुझे कहा था कि मुझे वहां से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार लाना है। हमने उछाल भरी पिचों पर बल्लेबाजी का काफी अभ्यास किया था। हमने शॉर्ट गेंद खेलने का भी काफी अभ्यास किया था। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार अपने कोच के नाम करने वाले 18 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि मैं शॉर्ट गेंद को या तो खेल रहा था या छोड़ रहा था। एस्ट्रो टर्फ पर वैसा ही उछाल होता है जैसा वहां की पिचों पर, इसलिए मैंने एस्ट्रो टर्फ पिचों पर बल्लेबाजी का अभ्यास किया जिसका फायदा हुआ।

**400** रन बनाकर सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी बने जायसवाल

**जायसवाल की पारी**

- 59 रन श्रीलंका के खिलाफ
- 29 नाबाद जापान के खिलाफ
- 62 आस्ट्रेलिया के खिलाफ
- 105 नाबाद पाकिस्तान के खिलाफ
- 88 बांग्लादेश के खिलाफ



आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट के बड़े खिलाड़ी के तौर पर देखे जा रहे जायसवाल ने कहा कि टूर्नामेंट के दौरान उन्होंने सीखा कि दवाब के क्षणों में कैसे बल्लेबाजी करनी है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग देशों में खेलने का अनुभव शानदार रहा। यहां पिचें अलग तरह की थीं। मैंने मैच के साथ नेट अभ्यास के दौरान भी बल्लेबाजी का लुत्फ उठाया।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि मुझे खेल के दौरान दबाव से निपटने के बारे में काफी कुछ सीखने को मिला क्योंकि ज्यादातर मैचों में दबाव था। जायसवाल ने टूर्नामेंट में 59 (श्रीलंका के खिलाफ), नाबाद 29 (जापान), 62 (आस्ट्रेलिया), नाबाद 105 (पाकिस्तान) और 88 (फाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ) ने रन की पारियां खेलीं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ शतकीय पारी उनके करिअर की काफी अहम शतकीय पारी है। मुंबई में टेंट में रहने के साथ पानी-पूरी बेचकर गुजारा करने वाले जायसवाल ने इस मौके पर जूनियर टीम के मुख्य चयनकर्ता आशीष कपूर के प्रति आभार जताया जिन्होंने उन्हें पारी का आगज करने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा कि अंडर-19 टीम के सभी चयनकर्ताओं ने मेरी मदद की। आशीष कपूर सर की वजह से मैंने पारी का अगाज करना शुरू किया। मैं सभी चयनकर्ताओं और कोचों का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 91, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com, फैक्स: (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष: विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com